राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 282
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 05 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 यमुना नदी में बढ़ते जल स्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट | पेज 4 जलभराव में फंसी गर्भवती को प्रशासन ने दिलाई नई जिंदगी | पेज 6 (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में धवन से पूछताछ की

संक्षिप्त खबरें

बेटे को 13वीं मंजिल से फेंककर मां ने छलांग लगाई

सूरत। गुजरात में सूरत के अलथाण इलाके में लूम्स फैक्ट्री मालिक की पत्नी ने 2 साल के बेटे के साथ आत्महत्या कर ली। महिला ने पहले अपने बेटे को 13वीं मंजिल से फेंका और उसके 12 सेकेंड बाद खुद भी छलांग लगा दी। मां-बेटे की लाशें सोसायटी में स्थापित गणेश पंडाल से सिर्फ 20 फीट की दूरी पर पड़ी थीं। वारदात बुधवार शाम की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज गुरुवार को सामने आया है। पुलिस जांच में अब तक सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। महिला के परिवार से भी सुसाइड की कोई वजह साफ नहीं हो पाई है। परिवार भी आर्थिक रूप से संपन्न था। पुलिस ने मृतक पूजा का मोबाइल जांच के लिए भेज दिया है।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए से अलग हुए दिनाकरन

चेन्नई। टीटीवी दिनाकरन की पार्टी अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन से बाहर निकलने की घोषणा की है। AMMK दूसरी पार्टी है, जिसने एनडीए का साथ छोड़ा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक से निष्कासित ओ पन्नीरसेल्वम ने अपने दल को गठबंधन से बाहर कर दिया था। दिनाकरन ने मीडिया से कहा यह आंदोलन कुछ लोगों के विश्वासघात के खिलाफ शुरू किया गया था। हमें विश्वास था कि वे बदल जाएंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। दरअसल, तमिलनाडु में एनडीए का नेतृत्व अन्नाद्रमुक कर रही है।

जीएसटी बदलाव से क्या सस्ता, क्या महंगा

स्टेडियम में आईपीएल देखना महंगा हुआ, सरकार ने लग्जरी मानकर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया, बाकी मैच 18 प्रतिशत की कैटेगरी में

नई दिल्ली। अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशतकर दी है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना है और इसे तंबाकू उत्पादों और कसीनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि, आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18 प्रतिशत जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है।

दूसरी ओर, 100 रुपए तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। लेकिन 100 रुपए से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

वहीं, होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

कैसे बदलेंगे आईपीएल टिकट के दाम?

मान लीजिए की आईपीएल की टिकट की कीमत 1000 रुपए हैं

पहले : 1000 + (28 प्रतिशत यानी 280 रुपए) = 1280 रुपए।

अब : 1000 + (40 प्रतिशत यानी 400 रुपए) = 1400 रुपए।

बढ़ोतरी : 1400-1280 = 120 रुपए प्रति टिकट।

जीएसटी में बदलाव से कैसे बदलेंगे सिनेमा टिकट के दाम?

100 रुपए तक की टिकटों के दाम घटेंगे। वहीं 100 रुपए से ज्यादा की टिकटों में बदलाव नहीं हुआ है। मान लीजिए अगर एक टिकट की बेस कीमत 80 रुपए है :

पहले : 80 + (12 प्रतिशत यानी 9.60 रुपए) = 89.60 रुपए।

अब : 80 + (5 प्रतिशत यानी 4 रुपए) = 84 रुपए।

बचत : 89.60 - 84 = 5.60 रुपए प्रति टिकट।

जीएसटी में बदलाव से कैसे बदलेगा होटल में रुकने का किराया?

पहले : 12 प्रतिशत टैक्स

अब : 5 प्रतिशत टैक्स

कंडीशन : ये तभी लागू होगा जब एक दिन का किराया 7500 रुपए या उससे कम हो।

फायदा : सस्ते होटल और रिसॉर्ट अब और सस्ते हो जाएंगे। जैसे, 5000 रुपए का कमरा पहले 5600 रुपए पड़ता था, अब 5250 रुपए में मिलेगा।

जीएसटी में बदलाव से कितनी सस्ती होंगी बीमा सेवाएं?

क्या छूट मिली : जीवन बीमा (टर्म, एलआईपी) और हेल्थ इंश्योरेंस (घरेलू और सीनियर सिटीजन) पर अब टैक्स नहीं।

फायदा : बीमा प्रीमियम सस्ता होगा। 10,000 रुपए की पॉलिसी पर 1800 रुपए बचेंगे, जिससे बीमा के दायरे को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

कैसे बदलेंगी निर्माण और डिलीवरी सेवाएं?

किफायती घर : 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत (PMAY जैसे प्रोजेक्ट्स)।

स्थानीय डिलीवरी: 18 प्रतिशत से 5 प्रतिशत (किराना डिलीवरी)।

फायदा : सस्ते घर और ऑनलाइन ऑर्डर सस्ते होंगे।

कितनी सस्ती होंगी जिम, सैलून जैसी सेवाएं?

पहले : 18 प्रतिशत टैक्स

अब : 5 प्रतिशत टैक्स

क्या शामिल है : जिम, नाई की दुकान, सैलून, योग सेंटर आदि।

फायदा : अब जिम और सैलून सस्ते हो जाएंगे। जैसे, 1000 रुपए की जिम फीस पर पहले 180 रुपए टैक्स लगता था, अब सिर्फ 50 रुपए। जिम में भी ऐसा ही होगा।

ट्रैफिक जाम

नई दिल्ली में एनएच-44 फ्लाईओवर पर सड़क का एक हिस्सा धंस जाने के बाद वाहन ट्रैफिक जाम में फंस गए।

गुरुग्राम में नेपाली बदमाश का एनकाउंटर

गुरुग्राम। हरियाणा में गुरुग्राम की क्राइम ब्रांच टीम ने नेपाल के एक बदमाश को एनकाउंटर के बाद अरेस्ट किया है। आरोपी फेसबुक पर अपना नाम बदलकर भारत में नेपाल मूल के घरेलू नौकरों के साथ दोस्ती कर चोरियों-लूटपाट को अंजाम देता था। एनकाउंटर के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आरोपी की पहचान जगत बहादुर (35) के रूप में हुई है। वह नेपाल के कैलाली जिले में टिकनपुर इलाके के वार्ड-9 का रहने वाला है।

यमुना का पानी सड़कों पर

एमपी के उज्जैन में मंदिर डूबा, राजस्थान में दौसा के बाजार में पानी भरा; पंजाब में गुरुद्वारे की दीवार ढही

चंडीगढ़/दिल्ली/शिमला। दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है। मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया।

मध्य प्रदेश के उज्जैन में क्षिप्रा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे के मंदिर डूब गए हैं। उनके गुंबद तक पानी आ गया है। रतलाम में रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 4 पानी में डूबा है।

राजस्थान में दौसा जिले के कई इलाकों में गुरुवार को बारिश हुई। सिकराय सहित कई इलाकों के बाजारों में पानी भर गया। अजमेर में जेएलएन हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है।

पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1 अगस्त से 3 सितंबर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है।

रोपड़ के गांव नारंगपुर (बारी) में गुरुद्वारा तपस्तान बीबी मुमताजगढ़ साहिब की दीवार ढह गई।

यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

भारत-पाक बॉर्डर पर 110 किलोमीटर से ज्यादा लंबी फेंसिंग टूटी

जम्मू और पंजाब में बाढ़ के कारण भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर की 110 किलोमीटर से ज्यादा लंबी फेंसिंग को नुकसान हुआ है। साथ ही करीब 90 बीएसएफ चौकियां पानी में डूब गई हैं। पंजाब में लगभग 80 किलोमीटर लंबी और जम्मू में लगभग 30 किलोमीटर लंबी बॉर्डर फेंसिंग बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि इन जगहों पर फेंसिंग या तो डूब गई है, उखड़ गई है या झुक गई है। देश के पश्चिमी हिस्से में राजस्थान और गुजरात राज्यों से होकर गुजरने वाली 2,289 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा में से सीमा बल जम्मू में लगभग 192 किलोमीटर और पंजाब में 553 किलोमीटर की सुरक्षा करता है।

अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव का ऐलान संभव

बिहार में दीपावली-छठ के बाद हो सकती है वोटिंग, 30 सितंबर को जारी होगी फाइनल वोटर लिस्ट

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा इलेक्शन कमीशन अक्टूबर में कर सकता है। अक्टूबर के पहले या दूसरे हफ्ते के शुरुआती दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, दो या तीन चरणों में बिहार में वोटिंग संभव है। नवंबर महीने में बिहार में मतदान होगा। जानकारी के मुताबिक, दुर्गा पूजा और दशहरा के बाद बिहार में चुनाव की घोषणा की जाएगी। आयोग छठ पूजा के बाद बिहार में मतदान की तारीख की घोषणा करेगा। 5 से 15 नवंबर मतदान और 20 नंवबर को मतगणना की तारीख तय हो सकती है। चुनाव आयोग 22 नवंबर की डेडलाइन से पहले बिहार में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न करेगा।

चुनाव आयोग के मुताबिक, एसआईआर के बाद बिहार में मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन होगा। यह लिस्ट 30 सितंबर को जारी किया जाएगा। इसके बाद आयोग बिहार में चुनाव की घोषणा करेगा। बताया जा रहा है कि आयोग की टीम इसी महीने राज्य का दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायजा लेगी।

हैप्पी मॉर्निंग

लड़की- मत कर मेरा पीछा एक दिन पछतायेगा,
कॉलेज के बाहर छोले-भटूरे की दुकान लगाएगा
लड़का- मत दुकरा मेरे प्यार को,
एक दिन पछताएगी,
उसी छोले-भटूरे की दुकान पर बर्तन मांजती नजर आएगी.....

शायरी

कुछ भी दरिया ने मदद अपने पड़ोसी की न की
दूर तक पानी ही पानी था मगर साहिल जला

अर्थसार

सेंसेक्स:
80,718.01
+150.30 (0.19%)
निफ्टी:
24,734.30
+19.25

मौसम

अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय शनिवार : 6 : 06
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 55

सुप्रीम कोर्ट बोला- बारिश से पहाड़ों पर तबाही का कारण इंसान

प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही; केंद्र, हिमाचल, जे एण्ड के, उत्तराखंड, पंजाब को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है।

कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है। कोर्ट ने कहा

पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण , पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने की कहा है।

सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रकृति पेड़ों की कटाई का बदला ले रही है

याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है।

सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी।

इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है।

आधार धारकों ने अगस्त में किए 221 करोड़ से ज्यादा लेनदेन, पिछले साल का तोड़ दिया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आधार आधारित प्रमाणीकरण में लगातार वृद्धि देखी जा रही है और अगस्त में आधार धारकों ने 221 करोड़ से ज्यादा लेनदेन किए।

पिछले साल की तुलना में इस बात 10 फीसदी की वृद्धि

यह अगस्त 2024 की तुलना में 10.3 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। यह दर्शाता है कि आधार भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है।

अगस्त में 38.53 करोड़ ई-केवाईसी लेनदेन दर्ज किए गए और यह सेवा बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और अन्य क्षेत्रों में ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और प्रक्रियाओं को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

आधार प्रमाणीकरण में निरंतर वृद्धि

यूआइडीएआइ ने कहा कि आधार प्रमाणीकरण में निरंतर वृद्धि देश भर में इसकी बढ़ती स्वीकृति और एक मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण में इसके योगदान को दर्शाती है।

पलामू में नक्सलियों से मुठभेड़ में 2 पुलिसकर्मी शहीद

- एक जवान की हालत गंभीर, सर्च ऑपरेशन जारी, राज्यपाल-सीएम ने जताया शोक

पलामू। पलामू में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें 2 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं। शहीद जवानों की पहचान संतन मेहता और सुनील राम के रूप में हुई है। मुठभेड़ में एक जवान रोहित कुमार घायल हैं। मुठभेड़ बुधवार देर रात मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में हुई।

जानकारी के मुताबिक जिस इलाके में मुठभेड़ हुआ है वह टीपीसी के 10 लाख इनामी कमांडर शशिकांत गंझू का क्षेत्र माना जाता है। जहां मुठभेड़ हुई है, वहां के गांव में करमा त्योहार मनाया जा रहा था।

पुलिस को इस बात की सूचना थी कि शशिकांत गंझू इलाके में मौजूद है। ऐसी संभावना भी थी कि नक्सली दस्ता वहां दहशत फैला सकता है। इसी सूचना पर पुलिस बुधवार की शाम 7 बजे के करीब सर्च ऑपरेशन के लिए निकली हुई थी।

सड़क हादसा

कटर से काटकर निकाली गई डेडबॉडी, पटना में एक्सीडेंट से पहले हंसते हुए ली थी सेल्फी

100 की स्पीड, ट्रक में घुसी कार-5 दोस्तों की हुई मौत

पटना। पटना में सड़क हादसे में 5 दोस्तों की मौत हुई है। बुधवार रात 1 बजे उनकी कार चलते ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा परसा बाजार थाना के महोली फ्लाई ओवर के नीचे हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि कार ट्रक के अंदर घुस गई। ट्रक के ड्राइवर को इसका पता भी नहीं चला। वह कार को घसीटते हुए 25 मीटर तक दूर तक चला गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। गैस कटर से कार को काटकर सभी शवों को निकाला गया। मरने वालों में गोपालपुर के 50 साल के राजेश कुमार, 38 साल के संजय कुमार, सिपारा के 38 साल के कमल किशोर,

35 साल के प्रकाश चौरसिया और मुजफ्फरपुर के 30 साल के सुनील कुमार शामिल हैं। सभी लोग फतुहा से परसा बाजार होते हुए पटना की ओर आ रहे थे। इसी बीच फ्लाई ओवर के नीचे आगे जा रही ट्रक को कार ने पीछे से टक्कर मार दी। पांचों ने हादसे से कुछ घंटे पहले एक साथ में सेल्फी ली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद जोरदार धमाका हुआ और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परसा बाजार थाना पुलिस और पटना सदर के डीएसपी रंजन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस को कार में फंसे शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार को गैस कटर से काटकर शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए पीएमसीएच भेजा गया।

कार के अंदर ही पांचों की मौत हुई

बताया जा रहा है कि यह सभी कारोबारी फतुहा से पटना वापस लौट रहे थे। इसी दौरान परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुईया मोड़ के पास ये हादसा हुआ। पूरी कार ट्रक के अंदर घुस गई। हादसे में कार में बैठे 5 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। परसा बाजार थाना प्रभारी मेनका रानी ने बताया कि मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई। यह सभी गाड़ी के अंदर फंसे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। ग्रामीणों की मदद से सभी लोगों को बाहर निकाल कर पटना के पीएमसीएच में भेजा गया है।

संपादकीय

पंजाब में बाढ़ से जनता बेहाल : सरकार के दावे फिर फेल

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

पंजाब, जो देश का अन्न भंडार कहलाता है, इस समय प्रकृति की मार से कराह रहा है। भारी बारिश और हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर से छोड़े गए पानी के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियां उफान पर हैं। नतीजतन, राज्य के 23 में से 12 जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जिसमें पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर, फाजिल्का, कपूरथला और होशियारपुर सबसे अधिक प्रभावित हैं। करीब 1,655 गांव जलमग्न हो चुके हैं, और 3.5 लाख से अधिक लोग इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। अब तक 37 लोगों की जान जा चुकी है, और 1.48 लाख हेक्टेयर से अधिक फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। खेत तालाबों में तब्दील हो गए हैं, और पशुधन को भी भारी नुकसान हुआ है।

इस आपदा ने एक बार फिर सरकार की तैयारियों की पोल खोल दी है। हर साल फरवरी में बाढ़ से निपटने के लिए होने वाली बैठक इस बार जून में हुई, क्योंकि आम आदमी पार्टी का ध्यान दिल्ली चुनावों पर केंद्रित था। भाखड़ा नांगल डैम के पानी को लेकर भी सरकार हरियाणा और राजस्थान के साथ उलझी रही, जिसके चलते बाढ़ की तैयारी के लिए समय ही नहीं बचा। नदियों की सफाई जैसे बुनियादी कदम भी समय पर नहीं उठाए गए, जिसका खामियाजा अब जनता भुगत रही है। आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भी अपनी ही पार्टी और प्रशासन पर नदियों की सफाई न करने का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राहत कार्यों की निगरानी की बात कही। उन्होंने केंद्र से 60,000 करोड़ रुपये के रुके हुए फंड को तुरंत जारी करने की मांग की है, ताकि किसानों को प्रति एकड़ 50,000 रुपये का मुआवजा दिया जा सके। हालांकि, केंद्र की शर्तों को लेकर राहत कार्यों में देरी की शिकायतें भी सामने आई हैं। सरकार ने विशेष गिरदावरी शुरू की है, और 15 दिनों के भीतर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए मुआवजा देने का वादा किया है।

राहत कार्यों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और बीएसएफ की टीमें लगी हैं। अब तक 15,688 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, और 129 राहत शिविरों में 7,144 लोग शरण लिए हुए हैं। पंजाब के गवर्नर ने भी पठानकोट का दौरा किया, और स्कूल-कॉलेज 7 सितंबर तक बंद कर दिए गए हैं। सिख संगठनों और पंजाबी कलाकारों जैसे सोनू सूद, दिलजीत दोसांझ और करण औजला ने भी राहत कार्यों में योगदान दिया है।

लेकिन इन सबके बावजूद, जनता का गुस्सा सरकार की नाकामी पर फूट रहा है। ग्रामीण छतों और ऊंचे स्थानों पर रातें काट रहे हैं, और कई गांवों में बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं ठप हैं। अटारी-वाघा बॉर्डर और करतारपुर कॉरिडोर तक पानी भर गया है, जिससे आवाजाही रुक गई है। यह स्थिति न केवल मानवीय संकट है, बल्कि यह पंजाब की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ा झटका है।

1988 के बाद की इस सबसे भीषण बाढ़ ने सरकार के दावों की हकीकत सामने ला दी है। जनता को अब ठोस उपायों और दीर्घकालिक योजनाओं की जरूरत है, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी से बचा जा सके। सरकार को केवल राहत देने तक सीमित न रहकर बाढ़ नियंत्रण के लिए स्थायी उपाय करने होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस - 5 सितम्बर 2025 पर विशेष

शिक्षक ज्ञानवान ही नहीं, चरित्रवान पीढ़ी का निर्माण करें

- ललित गर्ग -

शिक्षक ही सभ्यता और संस्कृति के असली शिल्पी होते हैं। विज्ञान, तकनीक और राजनीति चाहे जितनी प्रगति कर लें, यदि शिक्षा और शिक्षक दिशा न दें तो मानवता दिशाहीन हो जाती है। इसी कारण 5 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा आरंभ हुई। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर को होता है, जो भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य समाज में शिक्षक के महत्व, उनके योगदान और मार्गदर्शक भूमिका को सम्मान देना है। यह अवसर विद्यार्थियों और समाज को याद दिलाता है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं बल्कि आदर्श, प्रेरक और चरित्र-निर्माता भी होते हैं। आज जबकि नया भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत निर्मित हो रहा है, तब शिक्षकों की भूमिका अधिक प्रासंगिक हो गयी है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को आंध्र प्रदेश के तिरुत्तनी में हुआ था। वे एक महान दार्शनिक, विद्वान, शिक्षक और राजनेता थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया। उनकी पुस्तकें 'इंडियन फिलोशॉफी' 'दी हिन्दू व्यूह ऑफ लाइफ' और 'दी आइडलिस्ट ऑफ लाइफ' विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हुईं। वे 1952 से 1962 तक भारत के उपराष्ट्रपति और 1962 से 1967 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। उन्हें 1954 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जब वे राष्ट्रपति बने तो उनके कुछ शिष्यों और मित्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा व्यक्त की। इस पर उन्होंने विनम्रता से कहा कि यदि आप लोग मेरे जन्मदिन को विशेष रूप से मनाना चाहते हैं तो उसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाइए। तब से ही 5 सितम्बर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। डॉ. राधाकृष्णन का संदेश यही था कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनका सम्मान करना ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण है। निश्चित ही शिक्षकों का यह सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य का घोषणापत्र है।

यह दिवस राष्ट्र को शिक्षा, विज्ञान, शांति एवं प्रगति का सन्देश देने के लिए कृत संकल्पित है। भारत का इतिहास शिक्षा की गौरवमयी परंपरा से जुड़ा है। प्राचीन समय से भारत शिक्षा का बड़ा केन्द्र रहा है और उसने संसार में जगतगुरु की भूमिका निभाई है। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने भारत को जगतगुरु का दर्जा दिलाया। महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ ने कहा था-व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है और यह केवल नि:स्वार्थी एवं जागरूक शिक्षक ही कर सकता है। यह वाक्य हमें याद दिलाता है कि शिक्षक केवल जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। प्राचीन भारतीय दृष्टि में शिक्षा का उद्देश्य 'सा विद्या या विमुक्तये' रहा है, अर्थात् शिक्षा वही है जो मुक्ति दिलाए। लेकिन आधुनिक परिप्रेक्ष्य में यह 'सा विद्या या नियुक्तये' बन गई है अर्थात् शिक्षा वही है जो नौकरी दिलाए। यही कारण है कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ने के बावजूद समाज में अपराध और भ्रष्टाचार भी बढ़ रहे हैं।

महात्मा गांधी का यह कथन आज भी प्रासंगिक है-एक स्कूल खुलेगा तो सौ जेलें बंद होंगी। परन्तु आज स्थिति इसके विपरीत है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने इस दृष्टिकोण को बदलने का प्रयास किया है। इसमें केवल क्या पढ़ना है पर ही नहीं, बल्कि कैसे पढ़ना है, इस पर भी जोर दिया गया है। आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, उद्यमशीलता और नैतिकता को शिक्षा के केंद्र में रखा गया है। लेकिन इन सभी का केन्द्रबिंदु शिक्षक ही है। यदि शिक्षक प्रेरणाहीन, निरुत्साहित या असंवेदनशील होंगे तो कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती। शिक्षा केवल किताबों और पाठ्यक्रम से नहीं, बल्कि शिक्षक की जीवंत उपस्थिति से सार्थक होती है। पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था-अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमागों का राष्ट्र बन गया है, तो उसके लिए तीन प्रमुख व्यक्ति जिम्मेदार होंगे-पिता, माता और शिक्षक। यह कथन शिक्षक के महत्व को सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करता है। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब हमारे शिक्षक नई पीढ़ी को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि चरित्रवान भी बनाएंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर भी शिक्षा की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। नेल्सन मंडेला ने कहा था-शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिससे दुनिया बदली जा सकती है। युद्ध और आतंक के बीज मानव मस्तिष्क में जन्म लेते हैं, इसलिए बचपन से ही शांति और सह-अस्तित्व के बीज बोने होंगे। बच्चों को अपने देश से प्रेम के साथ विश्व-प्रेम यानी मानवता का पाठ सिखाना होगा, तभी दुनिया से युद्ध, हिंसा, आतंक का खात्मा होगा। भारतीय संस्कृति का वसुधैव कुटुम्बकम् मूल मंत्र इसमें सहायक बन सकता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि शिक्षा और शिक्षक दोनों का स्वरूप धीरे-धीरे मिशन से व्यवसाय की ओर झुकता जा रहा है। ज्ञान की बोली लग रही है, शिक्षक और छात्र के संबंधों में अविश्वास और हिंसा की खबरें बढ़ रही हैं। शिक्षा का व्यापारीकरण रोकने और उसे मानवीय मूल्यों से जोड़ने की जिम्मेदारी सबसे पहले शिक्षकों पर ही आती है।

आज आवश्यकता केवल शिक्षा क्रांति की नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति की भी है। अच्छे पाठ्यक्रम, नई तकनीक और आधुनिक संस्थानों की व्यवस्था तभी सार्थक है जब उनके केंद्र में ऐसे शिक्षक हों, जो छात्रों को प्रेरणा दें, जो उनके सर्वांगीण विकास का माध्यम बनें। खेत, बीज और उपकरण के रहते हुए किसान न हो तो सब बेकार है। उसी प्रकार, विद्यालय, पाठ्यक्रम और तकनीक के रहते हुए यदि शिक्षक नहीं हैं तो सब निरर्थक है। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था-सर्वांगीण विकास का अर्थ है हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्व गढ़ते हैं। शिक्षा के बदलते अर्थ ने समाज की मानसिकता को बदल दिया है। यही कारण है कि आज समाज में लोग केवल शिक्षित होना चाहते हैं, सुशिक्षित यानी गुण-सम्पन्न नहीं बनना चाहते। मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। इन स्थितियों से शिक्षकों को बाहर निकलने में नई शिक्षा नीति से बहुत अपेक्षाएं हैं।

भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को केवल साक्षर बनाना नहीं, बल्कि उनमें सामाजिक और भावनात्मक कौशल का विकास करना है। 2030 तक स्कूली शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य इसी दृष्टि से रखा गया है। किंतु संसाधनों की कमी, प्रशिक्षित शिक्षकों की अनुपलब्धता और बदलते सामाजिक परिवेश की चुनौतियां इस दिशा में बड़ी बाधाएं हैं। इसके बावजूद भारत में शिक्षा की परंपरा इतनी प्राचीन और समृद्ध रही है कि विदेशी विद्वान भी इसकी प्रशंसा करते आए हैं। एफ. डब्ल्यू. टॉमस ने लिखा है-भारत में शिक्षा विदेशी पौधा नहीं है। संसार का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां ज्ञान के प्रति प्रेम का इतने प्राचीन समय में आविर्भाव हुआ हो या जिसने इतना चिरस्थायी और शक्तिशाली प्रभाव डाला हो। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं।

आर्थिक आपाधापी, आतंक, युद्ध एवं हिंसा के आधुनिक युग में शिक्षकों की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि वे छात्रों को न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें जीवन में जरूरी कौशल भी सिखाते हैं। शिक्षक छात्रों के साथ सहयोग करते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों एवं शांतिपूर्ण जीवन के बारे में भी समझाते हैं जो एक अच्छे नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षक को ऐसे छात्र तैयार करने होंगे जो वैज्ञानिक-आध्यात्मिक हो, जिनमें बौद्धिकता एवं भावनात्मकता के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास हो। शिक्षक दिवस 2025 का वास्तविक संदेश यही होना चाहिए कि शिक्षक केवल पेशेवर नहीं, बल्कि समाज की आत्मा के निर्माता हैं। भारत यदि पुन: विश्वगुरु बनना चाहता है तो उसे केवल नई शिक्षा नीति ही नहीं, बल्कि निष्ठावान और दूरदर्शी शिक्षकों की फौज तैयार करनी होगी।

सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन से मिलेगी राहत

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पंसेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है। वहीं कहा जा रहा है कि असंगठित क्षेत्र को जीएसटी कटौती दर का लाभ नहीं मिलेगा। अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

टाईम पास

काकुरो पहेली - 3641



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

काकुरो - 3640 का हल



लॉफिंग ज़ोन

एक शराबखोर पति अपने क्लब की मीटिंग में गया हुआ था। आधी रात बितने के बाद घर पहुँचा तो पत्नी ने उसका आदर के साथ स्वागत किया। इससे पति खुश हो गया और बोला- पता है! आज क्लब में शराब की प्रतियोगिता हुई थी।

पत्नी- अच्छा तो पहले नंबर पर कौन रहा?

पति बोला- मेरे अलावा कौन जीत सकता था भला।

□ □ □

एक शादीशुदा शायर की मुलाकात अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड से हुई। शायर ने कहा- मुलाहिजा फरमाएँ : ये चाँद तारे अब अच्छे नहीं लगते, रोज-रोज के बहाने अब अच्छे नहीं लगते। खुदा करे इस साल हो जाए आपकी शादी, क्योंकि अब आप कुँवारे अच्छे नहीं लगते।

गर्लफ्रेंड ने कहा- वाह वा..! वाह वा...! क्या आप करेंगे मुझसे शादी।

□ □ □

गीता अपनी सहेली सीता से बोली- पता है मेरे पति के अलावा आज तक किसी गैरपुरुष ने मुझे एक किस तक नहीं किया।

सीता- अरे वा! तो तुम खुद पर गर्व कर रही हो या अफसोस?

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 3641



बायें से दायें:-

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास है' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3640

गु	ना	ह	■	ग	ज	ब	■	बा	गी
स	■	व	जू	द	■	ह्य	र	जी	त
■	द	स	■	र	फ्ता	र	■	ग	■
दो	स्त	■	द	■	■	■	श	र	दा
■	क	या	म	त	■	घ	■	■	स्ता
क	■	दें	■	ह	म	रा	ज	■	न
ल	ज्जा	■	खे	ल	■	ना	■	बा	■
हो	■	ना	■	का	ख	■	जं	ग	ल
ना	जा	य	ज	■	रा	नी	■	बा	■
हो	■	क	■	चों	बी	■	जा	न	म

सूडोकु -3641

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3640 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

शब्द पहेली - 3641



बाएँ से दाएँ

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -3640 का हल



यमुना नदी में बढ़ते जल स्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, नियमित की जा रही है मॉनिटरिंग

प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को रेस्क्यू कर शरणालयों में किया जा रहा है शिफ्ट, जनपद में प्रभावित लोगों की सहायता हेतु कंट्रोल रूम 24×7 संचालित

गौतम बुद्ध नगर। जनपद गौतम बुद्ध नगर में यमुना नदी में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए गौतमबुद्धनगर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी मेधा रूपम के नेतृत्व में राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग, रेस्क्यू टीम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण नियमित रूप से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने एवं उनके खान-पान, मेडिकल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक तहसील सदर के 12, दादरी के 6 और जेवर क्षेत्र के 25 ग्राम प्रभावित हुए हैं। लगभग 3800 की जनसंख्या प्रभावित है, जिनमें से 2637 लोग विभिन्न बाढ़ शरणालयों में ठहराए गए हैं। यहाँ सामुदायिक रसोई के माध्यम से तीनों समय भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

आमजन की सुविधाहेतु बाढ़ कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है, जिसके दूरभाष नंबर 0120-2978231, 2978232 और 2978233 जारी किए गए हैं। अब तक दादरी में 160 और सदर क्षेत्र में 260, इस प्रकार कुल 420 राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। आज मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रभावित लोगों को राहत किट वितरित की गई।

राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तहसील सदर में छह, दादरी में आठ और जेवर में पाँच, इस प्रकार कुल 19 बाढ़ चौकियाँ बनाई गई हैं। वहीं जनपद में कुल 15 शरणालय संचालित हैं, जहाँ पेयजल, स्वच्छता, खान-पान और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था राजस्व विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, अग्निशमन विभाग की टीम मुस्तैद है। एनडीआरएफ टीम के द्वारा आज तहसील सदर के सेक्टर 151 तथा जेवर के ग्राम झुप्पा से 44 लोगों व एसडीआरएफ की टीम द्वारा 40 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

पीएसी व अग्निशमन विभाग की टीम तहसील सदर के सेक्टर 135 एवं दनकौर में रेस्क्यू कार्य हेतु तैनात है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा छह मेडिकल रेस्पॉन्स टीम गठित कर शरणालयों में तैनात कर दी गई हैं। एंटी स्नेक वेनम समेत सभी आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई हैं।

पशुओं की सुरक्षा हेतु सेक्टर 135 ग्रीन बेल्ट पुश्ता रोड पर पशु शिविर बनाया गया है, जहाँ अब तक 1471 गौवंश को सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि नदी और नालों के किनारे न जाएँ, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में बाढ़ कंट्रोल रूम के नंबर से संपर्क करें। विस्थापित लोग शरणालयों में ही रहें और पशुपालक अपने मवेशियों को प्रशासन द्वारा बनाए गए शिविरों में भेजें।

गनोली गांव का 651वां स्थापना दिवस और ग्राम महोत्सव समारोह 23 सितम्बर को

जितेंद्र चौधरी प्रधान संपादक विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

गाजियाबाद। गनौली गाँव ने एक से बढ़कर एक अनमोल हीरे समाज को दिये है जिन्हे देखकर कह सकते है।

तुम्हारी शख्सियत से ये सबक लेंगी नई नस्लें,
वही मंज़िल पे पहुंचा है जो अपने पाँव चलता है
डुबो देता है कोई नाम तक भी खानदानों के,
किसी के नाम से मशहूर होकर पूरा गाँव चलता है।

गनोली गाँव की गौरवशाली विरासत और समृद्ध संस्कृति का जश्न इस वर्ष विशेष रूप से मनाया जाएगा। गाँव की स्थापना संवत 1431 व्रज मास, सुदी दूज, दिन रविवार (23 सितम्बर सन 1374) को हुई थी। इसी अवसर पर गाँव का 651वां जन्मदिन और 'ग्राम महोत्सव समारोह' आगामी 23 सितम्बर 2025 (मंगलवार) को आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन ग्राम प्रधान हातम सिंह प्रधान के निवास स्थान, गनोली (चिरोड़ी), गाजियाबाद में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा।

कार्यक्रम की मुख्य झलकियां

- गाँव के 651वें जन्मदिन का भव्य जश्न
- प्रतिभा सम्मान समारोह
- गाँव के सेवानिवृत्त फौजी, प्रतिष्ठित डॉक्टर, इंजीनियर, डबलकेट खिलाड़ी, पुलिस, प्रोफेसर एवं प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान
- गाँव की संस्कृति और विरासत का प्रदर्शन

आयोजक

यह आयोजन हातम सिंह प्रधान (गाँव-गनोली, चिरोड़ी, लोहिया, गाजियाबाद) द्वारा किया जा रहा है। सहयोग और संयोजन की जिम्मेदारी ऋषभ बैसला एवं रिशांत बैसला संभाल रहे हैं।

गाँव के लोग इस समारोह को एक समृद्ध विरासत और एकता का पर्व मानते हैं। आयोजकों का कहना है कि इस जश्न से गाँव की संस्कृति और गौरव को नई ऊर्जा मिलेगी और नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

ग्रेटर नोएडा में सड़क पर दो गुटों में झड़प

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित मिग्सन ट्विन्स सोसाइटी के बाहर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में कुछ युवक गाड़ी में सवार होकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने लाठी-डंडों से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। साथ ही मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। अभी तक किसी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

साइबर फ्रॉड गैंग का सरगना गिरफ्तार

चीनी और नेपाली नागरिकों के साथ मिलकर करता था ठगी, 50 हजार का था इनाम

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश इमरान उर्फ तोला को गिरफ्तार कर लिया है। इमरान खुर्जा नगर, बुलंदशहर का रहने वाला है।

आरोपी और उसके साथी भारत में बिना वीजा के घुसकर फर्जी आईडी पर सिम कार्ड हासिल करते थे। ये सिम कार्ड जियो, बीएसएनएल, एयरटेल और वीआई जैसी कंपनियों के होते थे। इन सिम पर आने वाले एसएमएस और ओटीपी को चीनी ऐप फिजीऐप के जरिए कंबोडिया में बैठे चीनी नागरिकों को भेजते थे।

चीनी नागरिक भारत की प्रसिद्ध कंपनियों का डेटा हैक कर यहां के लोगों से ठगी करते थे। गैंग भारतीयों को कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी का झांसा देकर विदेश ले जाती थी। वहां पहुंचने के बाद उनसे ठगी करवाई जाती थी। मना करने पर विदेशी पुलिस से गिरफ्तार करवा देते थे।

इस मामले में थाना बिसरख में धोखाधड़ी, जालसाजी और मानव तस्करी समेत कई धाराओं में केस दर्ज है। पुलिस पहले ही एक चीनी नागरिक एसयू योमिंग, एक नेपाली नागरिक अनिल थापा मगर और एक भारतीय नागरिक विनोद उर्फ अगस्त्य भाटी को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन इमरान लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश भी कर रही थी। सेंट्रल नोएडा की एडिशनल डीसीपी स्वया गोयल के अनुसार, बिसरख पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से इमरान को चार मूर्ति की तरफ जाने वाली सर्विस लेन से पकड़ा है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

नोएडा में निवेश के नाम पर 85 लाख ठगे

नोएडा। साइबर ठगों ने सेक्टर 52 में रहने वाले कोस्ट गार्ड के अधिकारी कल्पित दीक्षित से 85 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित यूट्यूब पर एक वीडियो देखकर ठगों के संपर्क में आए। ठगो ने तीन से चार गुना मुनाफा होने का झांसा देकर रकम ट्रांसफर कराई। एप पर मुनाफा समेत दिख रहे 5.5 करोड़ रुपए निकालने में असफल होने पर पीड़ित को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

कल्पित दीक्षित शेयर बाजार में भी रुचि रखते हैं। 29 जून को यूट्यूब पर शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का एक वीडियो देखा था। इसके माध्यम से ठगों ने कल्पित से संपर्क किया। उनको आईआईएफएल कैपिटल मैनेजमेंट नाम को दो वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया। शुरुआत में कुछ डीमैट स्टाक और इंस्टीट्यूशनल स्टाफ सुझाकर एप पर पंजीकरण कराया। छोटे-छोटे निवेश कराकर मुनाफा दिला कर विश्वास जीता। कल्पित ने ठगों के झांसे में आ और उन पर विश्वास कर 26 अगस्त तक कई बार में 85 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

दो महीने में 5.5 करोड़ पोर्टफोलियो

उन्होंने देखा कि दो माह से कम समय में निवेश करने पर एप पर 5.5 करोड़ का पोर्टफोलियो दिखा रहा है। उन्होंने इसमें से एक करोड़ की रकम निकालनी चाही, लेकिन ठगों ने पूरी रकम निकालने के लिए बोला। उन्होंने पूरी रकम निकालने के आवेदन किया तो ठगों ने 15 प्रतिशत कर के रूप में 70 लाख रुपए से ज्यादा जमा कराने को बोला। उन्होंने रकम देने से मना किया तो ठगों ने संपर्क तोड़ लिया।

साइबर सेल में की शिकायत

इससे पीड़ित को समझने में देर नहीं लगी कि वह नामी कंपनी के बजाय ठगों के चंगुल में फंस गए हैं। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। ठगों की तलाश में टीम लगी है।

यूपीआईटीएस 2025 का फोकस विदेशी खरीदारों व इंडस्ट्री-अकादमिक भागीदारी पर : डीएम

यूपीआईटीएस 2025 में व्यापार-व्यवसाय के साथ यूपी की शिल्प, संस्कृति और खानपान पर भी होगा ज़ोर

ग्रेटर नोएडा। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा मे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अधिकारी द्वारा आगामी उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) के तीसरे संस्करण की तैयारियों को लेकर मीडिया को अवगत कराया। इस अवसर पर चेयरमैन इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) डॉ. राकेश कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सीईओ आईईएमएल सुदीप सरकार एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने आयोजित बैठक में यूपीआईटीएस 2025 की तैयारियों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश सरकार का प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला है, जिसे इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन 25 से 29 सितम्बर 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगा।

इसमें उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, विविध ओडीओपी उत्पादों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और बहु-क्षेत्रीय निवेश अवसरों का प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला अधिकारी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि इस बार आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। सुविधाओं, सुरक्षा और आवश्यकताओं में सुधार किया जा रहा है, खासतौर पर पिछले संस्करण में सामने आई समस्याओं को हल करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर यूपीआईटीएस 2025 मोबाइल ऐप के शुभारंभ की घोषणा की, जो प्रदर्शकों, आगंतुकों और प्रतिभागियों को रीयल-टाइम अपडेट, नेविगेशन और अन्य उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे उनके अनुभव को और समृद्ध बनाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जहाँ टीम तैनात रहेगी और प्राप्त समस्याओं का तुरंत समाधान और आयोजन की निगरानी की जाएगी।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि इस वर्ष का संस्करण और अधिक आकर्षक व सहभागी होगा, जिसमें कई इंटरैक्टिव कार्यक्रम और प्रतियोगिताएँ शामिल होंगी - जैसे बैटल ऑफ बैंड्स, एआई और रोबोटिक्स प्रतियोगिताएँ, बिज़नेस आइडिया प्रतियोगिता तथा कई अन्य रोचक गतिविधियाँ, जो आयोजन में नई ऊर्जा और उत्साह भरेंगी।

मीडिया हाउसेज़, प्रकाशकों, इन्फ्लुएंसर्स और ब्लॉगर्स से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस आयोजन को अपने-अपने प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से अधिकाधिक प्रचारित करें।

नोएडा में 3 बिल्डर से वसूले जाएंगे 353.41 करोड़

नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया नहीं जमा किया था

- अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 25 प्रतिशत पैसा जमा करने के लिए कहा गया, ये पैसा भी भी तीनों बिल्डरों ने जमा नहीं किया।

नोएडा। प्राधिकरण ने तीन बिल्डरों के खिलाफ आरसी जारी करने के लिए डीएम को पत्र लिखा है। इन तीन बिल्डर पर करीब 353.41 करोड़ का बकाया है। अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 25 प्रतिशत पैसा जमा करने के लिए कहा गया। ये पैसा भी भी तीनों बिल्डरों ने जमा नहीं किया। इन तीनों को कई बार नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी बकाया जमा नहीं किया गया।

केस-1

ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-2 सेक्टर-78 महागुन रियल स्टेट प्रालि

को 18 अप्रैल 2010 को आवंटन किया गया।

18 मई 2010 को लीज डीड कराते हुए जमीन पर कब्जा दिया गया। बिल्डर को बकाया पैसा जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए है। लेकिन बकाया पैसा जमा नहीं किया गया। यही नहीं शासनादेश के तहत 21 दिसंबर 2023 को कोविड-19 का लाभ दिया गया। जिसके बाद कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा करने के लिए कहा गया। ये पैसा भी जमा नहीं किया गया। आवंटी पर 31 अगस्त तक 116.96 करोड़ का बकाया है।

केस-2

ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-1 सेक्टर-77 मैसर्स प्रतीक रियल्टर्स प्रालि को 31 मार्च 2010 को आंवटन किया गया। 26 मई 2010 को लीजडीड करते हुए जमीन पर कब्जा दिया गया। शासनादेश के तहत कोविड-19 का लाभ दिया और 25 प्रतिशत पैसा जमा करने के लिए कहा गया। 31अगस्त 2025 तक बिल्डर पर कुल 162.27 करोड़ रुपए बकाया हो गया। वसूली के लिए गुरुवार को डीएम गौतम बुद्ध नगर को पत्र भेजा गया।

केस-3

ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-1 सेक्टर-120 प्रतीक रियल्टर्स प्रालि का 10 दिसंबर 2009 को आंवटन किया गया। 7 जनवरी 2010 को लीज डीड की करते हुए जमीन का आवंटन किया गया।

आवंटी को बकाया जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए। शासनादेश के तहत कोविड-19 का लाभ दिया गया। साथ ही कुल बकाया का 25 प्रतिशत पैसा जमा करने के लिए कहा गया। ये पैसा भी जमा नहीं किया गया। इस पर कुल 74.18 करोड़ का बकाया है। आरसी के लिए पत्र भेजा गया।

नोएडा में रिटायर्ड प्रोफेसर से 1.02 करोड़ की ठगी

नोएडा। मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर साइबर अपराधियों ने 92 साल के रिटायर्ड प्रोफेसर के साथ एक करोड़ दो लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित को ठगों ने एक सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर अपराधियों ने खुद को टेलीकॉम डिपार्टमेंट से बताकर पीड़ित के नाम और फोन नंबर की पुष्टि की। फिर सीबीआई निदेशक, पुलिस और न्यायाधीश बनकर डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से ठगी को अंजाम दिया। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-30 के ए ब्लॉक में रहने वाले कंवर बुद्धिश्वर सिंह ने बताया कि वह एक नामी कॉलेज में प्रोफेसर थे। रिटायर्ड होने के बाद वह सेक्टर-30 में परिवार के साथ रहने लगे। 26 अगस्त को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई।

नोएडा में गोली लगने से घायल युवक की मौत

बर्थडे पार्टी में खुद को गोली मारी, गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के बाद परेशान था

नोएडा। नोएडा सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में शनिवार देर रात दोस्त की जन्मदिन पार्टी में गोली लगने से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। चार दिनों से उसका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। युवक का बुधवार को ही गृह जनपद बुलंदशहर में अंतिम संस्कार किया गया।

कमरे में मारी थी गोली

पुलिस का कहना है कि बुलंदशहर के खानपुर का रहने वाला विक्रम ठाकुर (25) जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में किराये पर फ्लैट लेकर दो दोस्तों के साथ रहता था। विक्रम के दोस्त आदर्श की शनिवार को जन्मदिन पार्टी थी। इसमें आठ से दस युवक शामिल हुए। कुछ सोसाइटी के रहने वाले थे, जबकि कुछ बाहरी थे। पार्टी रात दो बजे तक चलती रही। इसी दौरान विक्रम अपने कमरे में गया। कुछ ही मिनट बाद कमरे से गोली चलने की आवाज आई।

गोली उसके सिर में लगी थी। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एक्सप्रेस वे थाना में मुकदमा दर्ज

चार दिनों से विक्रम का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई ने एक्सप्रेसवे थाने में अज्ञात के खिलाफ केस भी दर्ज करा दिया है।

चोला में रहने वाले भाई रोहित ठाकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते माह 30 अगस्त को आशु नाम के युवक ने कॉल कर विक्रम ने खुद के सिर में गोली मारने की जानकारी दी थी। रोहित का कहना है कि उसके भाई को किसी अन्य ने गोली मारी है। विक्रम इतना कमजोर नहीं था कि आत्महत्या करे।

गर्लफ्रेंड से हुआ था ब्रेकअप

एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि पार्टी में शामिल युवकों से बुधवार को भी पूछताछ की गई। इनमें से ज्यादातर ने बताया कि विक्रम का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले उसका युवती से ब्रेकअप हो गया। इसके बाद से वह परेशान चल रहा था। हालांकि विक्रम के परिवार के किसी व्यक्ति ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पूरे मामले को जानने के लिए पुलिस घायल विक्रम के ठीक होने का इंतजार कर रही थी। बीते कई दिनों से युवक के परिजन उसके साथ ही अस्पताल में थे। विक्रम के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

शार्ट न्यूज

महिला कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को लैंगिक संवेदनशीलता एवं योजनाओं की दी गयी जानकारी

गौतम बुद्ध नगर। महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत सितंबर माह में आयोजित 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज बिसरख ब्लॉक स्थित आर एच इंटर कॉलेज, मिल्क लच्छी, ग्रेटर नोएडा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र-छात्राओं को लैंगिक संवेदनशीलता, जन्म के समय लिंग अनुपात की समीक्षा, लिंग आधारित भेदभाव एवं रूढ़ियों को समाप्त करने और सभी लिंगों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर हब की जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिला केंद्रित नीतियों से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट सुनीता, डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

कोर्ट कर्मचारी पर हमला करने वाले के खिलाफ केस दर्ज : तेजाब फेंकने का प्रयास किया था

जेवर। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के 4 लोगों पर रंजिश के चलते हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ गुरुवार शाम को केस दर्ज कराया है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के भीकनपुर गांव निवासी सूरज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 29 मई वह अपने घर से सूरजपुर कोर्ट के लिए बाइक से जा रहे थे। उनका कहना है कि वह कोर्ट में दुकान करते हैं। उनका कहना कि गांव के रहने वाले चार लोगों ने रंजिश के चलते उनको दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर जबरदस्ती रोक लिया। पीड़ित का कहना है आरोपी कार में सवार होकर आए थे। इस दौरान आरोपियों उन पर जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही जान से मारने की नीयत से तेजाब भी छिड़कने का प्रयास किया गया। लेकिन तेजाब के हमले से पीड़ित बच गए। पीड़ित का कहना है कि घटना के वक्त पुलिस द्वारा शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते उन्होंने कोर्ट की शरण ली।

यमुना का जलस्तर बढ़ने से जेवर में आफत

जेवर। यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर ने जेवर क्षेत्र में तबाही मचा दी है। क्षेत्र के 10 गांवों में किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। प्रभावित गांवों में लतीफपुर, मकनपुर, अट्टा फतेहपुर, शमशम नगर, कानीगढ़ी, झुप्पा, छोटी झुप्पा, पूरन नगर और छोटी कानीगढ़ी शामिल हैं। लतीफपुर गांव में स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। यहां यमुना का पानी गांव के अंदर तक पहुंच गया है। कई घरों में पानी भर गया है। स्थानीय निवासियों को ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ा है। धान और सब्जियों की खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। तहसील प्रशासन ने सभी बाढ़ चौकियों पर निगरानी बढ़ा दी है। जेवर एसडीएम ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन ने ग्रामीणों से अफवाहों से बचने की अपील की है। उन्हें जरूरत पड़ने पर बाढ़ चौकियों या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने को कहा गया है। पंचायत स्तर पर भी जलभराव से बचाव के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

अपर पुलिस आयुक्त ने गणेश उत्सव में लिया हिस्सा

नोएडा। नोएडा के फेज-2 स्थित एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रा. लि. में आयोजित गणेश उत्सव की संध्या आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्रा, आईपीएस ने विशेष मेहमान के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति बप्पा की वंदना और भजन-कीर्तन से हुई। संध्या आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कर्मचारी, उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य व्यक्ति और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आरती के उपरांत अपर पुलिस आयुक्त ने एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स की मॉडर्न उत्पादन इकाई का दौरा भी किया। उन्होंने एलईडी टीवी, पार्टी स्पीकर, वॉशिंग मशीन और इंडक्शन स्टोव जैसी उत्पाद श्रृंखलाओं की उत्पादन प्रक्रिया को नजदीक से देखा और कर्मचारियों से संवाद किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक चंद्रप्रकाश गुप्ता ने फैक्ट्री के विस्तार और नई तकनीकों के समावेश की जानकारी देते हुए बताया कि एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाले घरेलू उत्पादों का निर्माण कर रही है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को लाभ होगा, बल्कि स्थानीय रोजगार सृजन भी होगा।

सड़क किनारे कूड़ा डालने पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की क्रिक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) ने राइज पुलिस चौकी के पास सड़क किनारे कूड़ा डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ लिया। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। टीम ने जलपुरा के पास भी अवैध कूड़ा डालते हुए एक और ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा। ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अधिकारी के मुताबिक कुल दो ट्रैक्टर व ट्राली को सड़क के किनारे कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया। ट्रैक्टर -ट्राली के मालिक द्वारा जुर्माना राशि का भुगतान किए जाने पर छोड़ा जाएगा।प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने कहा है कि कोई भी इधर-उधर कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

डीएम-एसपी ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, मुख्य मार्गों पर भरा पानी

पीलीभीत। देवहा और शारदा नदियों के उफान से जनपद में बाढ़ ने हालात बेहद बिगाड़ दिए हैं। शहर से लेकर गांव तक जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव और एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने बीसलपुर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से समस्याएं जानीं और राहत सामग्री वितरण की व्यवस्था देखी। इस दौरान पीएसी के वाहन से प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया गया।

मुख्य मार्गों पर भरा पानी, यातायात बाधित

बीसलपुर-बरेली मार्ग पर करीब दो फुट पानी बह रहा है। कार और बाइक सवार जोखिम उठाकर गुजरने को मजबूर हैं। कई जगह लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रियों को पार करा रहे हैं और इसके बदले किराया भी वसूल रहे हैं।

बरखेड़ा-नवाबगंज मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। गाजीपुर कुंडा गांव का रास्ता बंद हो चुका है, जिससे ग्रामीण फंसे हुए हैं।

नौ वर्षीय बच्चे की डूबकर मौत

कलीनगर क्षेत्र के ग्राम दयालपुर में नौ वर्षीय प्रिंस पुत्र हंसराम पुलिया पर खेलते समय पैर फिसलने से बाढ़ के पानी में गिर गया। तेज बहाव में बहकर उसकी मौत हो गई। घटना से गांव में मातम छा गया।बीसलपुर तहसील क्षेत्र के 20 से अधिक गांव पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो रही हैं। प्रशासन लगातार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहा है। राहत शिविर और खाद्य सामग्री वितरण का कार्य भी तेज कर दिया गया है।

नगर की कॉलोनियों में जलभराव, बिजली आपूर्ति ठप

देवहा नदी का पानी बीसलपुर नगर की कॉलोनियों में घुस गया है।

राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज के रास्ते पर जलभराव है। विद्युत उपकेंद्र डूब जाने से बिजली आपूर्ति बाधित है। टनकपुर हाईवे और पीलीभीत टाइगर रिजर्व कार्यालय जाने वाले मार्ग पर भी जलभराव से आवागमन बाधित रहा।

जलभराव में फंसी गर्भवती को प्रशासन ने दिलाई नई जिंदगी

पीलीभीत। बाढ़ और जलभराव के बीच प्रशासन ने तत्परता दिखाकर इंसानियत की मिसाल कायम की। तहसील क्षेत्र के ग्राम बढ़ेपुरा में चारों ओर पानी से घिरी एक गर्भवती महिला को प्रशासन ने सुरक्षित अस्पताल पहुंचाकर नया जीवन दिया। महिला ने अस्पताल में पुत्र को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

गांव बढ़ेपुरा की एक महिला प्रसव पीड़ा से गुजर रही थी, लेकिन घर के चारों ओर करीब चार फीट पानी भरा था। परिजन उसे बाहर नहीं निकाल पा रहे थे।

मामला जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह तक पहुंचते ही उन्होंने तत्काल एंबुलेंस और स्वास्थ्य टीम भेजने के आदेश दिए। एसडीएम बीसलपुर की देखरेख में प्रशासनिक टीम और ग्रामीणों ने मिलकर गर्भवती को सुरक्षित सड़क तक पहुंचाया। वहां से एंबुलेंस द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में महिला ने पुत्र को जन्म दिया।

सुरक्षित प्रसव की खबर से परिजन और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी और टीम का आभार जताया। जिलाधिकारी ने भी टीम की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रशासन हर संभव मदद के लिए जनता के साथ खड़ा है।

शार्ट न्यूज

अमरिया में बंदरों के हमले से महिला की मौत

छत से गिरने पर हुई दर्दनाक मौत, मोहल्ले में बंदरों का आतंक

पीलीभीत। जनपद कस्बे के मोहल्ला हाजीपुरा में बृहस्पतिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बंदरों के झुंड ने एक महिला पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में महिला छत से नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई।मोहल्ला हाजीपुरा निवासी अकील अहमद की पत्नी जायदा बेगम (45) सुबह अपने घर की छत पर चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी बंदरों का झुंड वहां पहुंच गया। उन्होंने अचानक महिला पर हमला कर दिया। जान बचाने के प्रयास में जायदा बेगम भागीं और इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया। वे छत से नीचे गिर पड़ीं। परिजन गंभीर हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गई हैं। मोहल्ले में बंदरों के आतंक से लोगों में दहशत व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से बंदरों का उत्पात जारी है, लेकिन रोकथाम की ठोस व्यवस्था नहीं हो पाई। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

व्यापारी दिवस पर सम्मान समारोह 21 व्यापारियों को मिला 'व्यापारी भूषण सम्मान'

पीलीभीत। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, पीलीभीत द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 सितम्बर को व्यापारी दिवस के अवसर पर व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला अध्यक्ष देवेश बंसल ने कहा कि व्यापारी वर्ग केवल आर्थिक प्रगति की रीढ़ नहीं है, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 21 प्रतिष्ठित व्यापारियों को 'व्यापारी भूषण सम्मान' से नवाजा गया। उन्हें पटका पहनाकर और सम्मान पत्र भेंटकर गौरवान्वित किया गया।नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी व्यापारी यह संकल्प लें कि विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करेंगे और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देंगे।

निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पूनम तिवारी विशाल इण्डिया

अंबेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्याल, अकबरपुर, अंबेडकरनगर में गुरुवार को महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफ़ेसर शेफाली सिंह के नेतृत्व में पोषण माह के तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसका विषय अच्छा खाइए , चमकते रहिये था। कार्यक्रम का आयोजन गृहविज्ञान विभाग प्रभारी डॉ संगीता एवं डॉ वालेंतिना प्रिया ने किया। निबंध प्रतियोगिता में लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक प्रोफ़ेसर अरविंद वर्मा, प्रोफ़ेसर अरुण कान्त गौतम,डॉ नंदन सिंह, डॉ रवीन्द्र वर्मा,डॉ सतीश उपाध्याय,डॉ सुनीता सिंह ,सुश्री सीता पाण्डेय व महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

आगरा में नाले में बहा डेढ़ साल का बच्चा, मौत

आगरा। आगरा में डेढ़ साल के बच्चे की नाले में गिरकर मौत हो गई। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। बारिश के पानी के तेज बहाव में वो नाले में बहता हुआ दूर चला गया। करीब पौन घंटे बाद बच्चा नाले में करीब सौ मीटर दूर मिला। बच्चे की मां अपने मायके में रह रही थी। इकलौते बेटे की मौत होने से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया- घर के सामने से नाला बहता है। न सफाई होती है और न ही नाले को ढका गया है। इस वजह से हादसा हो गया। घटना विकास खण्ड अछनेरा के कस्बा रुनकता के होली मोहल्ले की है। कस्बा निवासी सुरेश दिवाकर की बेटी किरन की शादी चार साल पहले राजस्थान के जिला भरतपुर के कस्बा रुदावल निवासी पिंटू के साथ हुई थी। पति से मनमुटाव होने के कारण दो साल से किरन अपने पिता के यहां रुनकता में रह रही थी। किरन के डेढ़ साल का इकलौता बेटा प्रियांशु उर्फ शिव था। सुरेश ने बताया- बुधवार बरसात होने के कारण सभी लोग घर पर मौजूद थे। प्रियांशु दरवाजे पर खेल रहा था। घर के सामने नाला बहता है। दोपहर करीब तीन बजे बच्चा दरवाजे पर नहीं दिखाई दिया तो परिजनों ने आसपास के लोगों से पता किया, लेकिन बच्चा नहीं मिला। इसके बाद नाले में तलाश की गई। करीब पौन घंटे बाद बच्चा नाले में करीब सौ मीटर दूर मिला।

युवती की हत्या, आंखें फोड़ीं, चेहरा जलाया

प्रयागराज। प्रयागराज में लापता 19 साल की युवती का शव गुरुवार को प्राइमरी स्कूल के पास तालाब में मिला। शरीर पर चोट के निशान मिले। चेहरे को जला दिया गया था, ताकि उसकी पहचान न हो सके। आशंका है कि चेहरे पर तेजाब डाला गया था। तालाब में लाश फूल गई थी। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या कर लाश तालाब में फेंकी गई है। उसकी आंख फोड़ दी गई। वह 2 सितंबर यानी मंगलवार की रात 2 बजे से लापता थी। युवती ने मोबाइल पर किसी से मैसेज कर बात की थी। इसके बाद वह आधी रात घर से निकल गई। पुलिस अधिकारियों ने गांव पहुंचकर लोगों से पूछताछ की है। घरवालों ने दो मोबाइल नंबर पुलिस को दिए हैं, जिस पर युवती बातचीत करती थी। मामला सराय ममरेज थाना क्षेत्र के खखैचा गांव का है। खखैचा गांव में रेखा देवी अपनी तीन बेटी और एक बेटे के साथ रहती हैं। बेटियों के नाम किरन, आकांक्षा और आंचल हैं। किरन सबसे बड़ी है। सबसे छोटा भाई मोहित है। पिता राजेंद्र प्रसाद की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। किरन (19) ने 2024 में इंटर पास किया था। इसके बाद एडमिशन नहीं लिया। दो सितंबर की रात किरन ने अपनी रिश्तेदार युवती के मोबाइल से किसी को मैसेज किया था।

13 सितंबर को उच्चतम न्यायालय के आदेश अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हरिनारायण यादव व्यूरो विशाल इंडिया

गाजीपुर। गाजीपुर में 13 सितंबर को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी को लेकर गुरुवार की सुबह 10 बजे जनपद न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय ने न्यायालय परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने कहा कि रैली का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है, ताकि छोटे-मोटे वाद जैसे मोटर व्हीकल, बिजली बिल, घरेलू विवाद, पंजीयनवाद और पैमाइश आदि से जुड़े मामलों का निपटारा सुलह और समझौते के माध्यम से किया जा सके। उन्होंने बताया कि पिछली बार एक लाख से ज्यादा वादों का निपटारा लोक अदालत में कराया गया था, वहीं इस बार 1 लाख 10 हजार तक वादों को निपटाने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद न्यायाधीश धर्मेंद्र पाण्डेय ने लोगों से अपील की कि मौजूदा समय विकास का समय है, इसलिए छोटे-मोटे झगड़े और आपसी मतभेदों को खत्म कर, राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से समाधान निकालें और अपने समय को बेवजह विवादों में बर्बाद करने के बजाय विकास पर ध्यान केंद्रित करें।

एसपी ने जूम मीटिंग कर परखी जिले की कानून व्यवस्था

आगामी त्यौहारों बाराबफ़ात गणेश विसर्जन को लेकर सुरक्षा व शांति - व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश

ललितपुर । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ आगामी त्योहार (बारावफात/गणेश विसर्जन/नवरात्रि आदि) के सम्बन्ध में मीटिंग कर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं।बाराबफात त्योहार के दृष्टिगत निकलने वाले जुलुसों में बाक्श फार्मेशन में ड्यूटियां लगाने हेतु निर्देशित किया गया । जुलुस के दृष्टिगत अधि0/कर्म0गणों को वाडी प्रोटेक्टर/हेल्मेट/डण्डा लेकर ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया ।जुलुस के दृष्टिगत प्रतिबन्धित हथियारों/विवादित झण्डों/बैनरों/पोस्टरों को

लेकर जुलुस न निकालने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये । जुलुस निर्धारित मार्ग से ही निकाले जायेगे । जुलुस निकलने के रूट का भौतिक सत्यापन करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया ।जुलुस मार्ग में पड़ने वाले बिजली के तारों के सही व्यवस्थापन हेतु बिजली विभाग से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया ।मिश्रित आबादी वाले इलाकों में ड्रोन कैमरो से सतत निगरानी हेतु निर्देशित किया गया । जुलुस के दृष्टिगत यातायात प्रभारी को यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।सोशल मीडिया पर 24*7 निगरानी रखी जाएगी, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

गणेश विसर्जन के दृष्टिगत विसर्जन स्थलों के आस-पास पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। गणेश पाण्डालों की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा व अग्निशमन यंत्रो के इंस्टोलेशन व उचित प्रबंधन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । गणेश उत्सव के दृष्टिगत विसर्जन स्थलों पर गोताखोर व नाव की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।

माला नदी में बहा युवक, तलाश में जुटे गोताखोर

जगतपुर निवासी संजीव वर्मा हादसे का शिकार, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद पहुंचे मौके पर

पीलीभीत। तहसील क्षेत्र के ग्राम जगतपुर (रामनगर) में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। करीब 22 वर्षीय संजीव वर्मा पुत्र भगवानदास माला नदी में भैंस नहलाने गया था। इसी दौरान वह तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया।ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। सूचना पर थाना पुलिस व प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों व नाविकों को बुलाकर तलाश अभियान शुरू कराया।

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने संभाली स्थिति

घटना की जानकारी पर बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज भी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और अधिकारियों से तत्काल संसाधन उपलब्ध कराने को कहा। स्वामी प्रवक्तानंद ने परिजनों से बातचीत में कहा, इस दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं।

प्रशासन पूरी ताकत से संजीव की तलाश कर रहा है। किसी भी तरह की मदद की आवश्यकता होगी तो सरकार और हम सब मिलकर हर संभव सहयोग देंगे। हालांकि गोताखोरों और नाविकों की टीम लगातार तलाशी अभियान चला रही है।

नदी का तेज बहाव अभियान को मुश्किल बना रहा है, फिर भी प्रशासनिक टीमें मौके पर जुटी हुई हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

बरखेड़ा विधायक ने बांटी राहत सामग्री, 100 से अधिक परिवारों को मिला सहारा

बोले विधायक किसी भी प्रकार की नहीं होने देंगे किसी को कोई भी समस्या, सरकार हमेशा साथ

पीलीभीत। जनपद के बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए गुरुवार को महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ग्राम पंचायत गोयल कॉलोनी (विकासखंड मरौरी) पहुंचे।

अपने सरल स्वभाव और जनसेवा की प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सौजन्य से भेजी गई राहत सामग्री का वितरण करवाया।

कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक परिवारों को खाद्य सामग्री किट और आवश्यक घरेलू वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं। राहत सामग्री पाकर बाढ़ प्रभावितों के चेहरे पर संतोष झलक उठा। इस अवसर पर सदर तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल, कार्यालय प्रभारी हरेंद्र कुमार, हरिराम सोनकर, नंदलाल लोधी, ओमप्रकाश मौर्य, देव मौर्य, प्रेमशंकर, प्रेम वर्मा, विश्वजीत डे सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हर परिवार तक मदद पहुंचाना ही हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहना ही सच्ची जनसेवा है।

बरेली के थाने में फायरिंग, 2 गोलियां चलीं

बरेली। बरेली जंक्शन पर स्थित जीआरपी थाने में फायरिंग हुई है। यहां पार्टी चल रही थी। तभी एक नहीं, दो बार गोली चली। इससे इंस्पेक्टर और सिपाही घायल हो गए। अचानक फायरिंग से स्टेशन पर हड़कंप मच गया। आरपीएफ थाने के दरोगा-सिपाही भी वहां पहुंच गए। घायल इंस्पेक्टर और सिपाही को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। मामला मंगलवार देर रात का है। लेकिन पुलिस दो दिन मामले को दबाए रही। गुरुवार को एसपी जीआरपी ने इंस्पेक्टर समेत 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया तो जानकारी सामने आई। घटना की जांच सीओ जीआरपी गाजियाबाद को सौंपी गई है। जानकारी के मुताबिक, जीआरपी थाने में मंगलवार देर रात कुछ पुलिसकर्मी आपस में बैठकर पार्टी कर रहे थे। रात करीब 10 बजे एक सिपाही पिस्टल को लोड-अनलोड करने लगा। तभी दो बार गोली चल गई। पहली गोली थाने की दीवार और वहां रखे सीपीयू में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर जब अपने ऑफिस से जीआरपी इंस्पेक्टर परवेज अली मुंशी कार्यालय पहुंचे तो वहां दोबारा से फायरिंग हुई। गोली इंस्पेक्टर परवेज अली और सिपाही छोटू को लगी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए।

ईद मीलादुन्नबी पर चौकस रहेगी यातायात व्यवस्था : आलोक तिवारी

ललितपुर। हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर ईद-मीलादुन्नबी को बड़े ही शान-औ-शौकत से मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद-मीलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जुलूस निकाला जायेगा। जुलूस के दौरान शहर की

यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार का खलल न पड़े इसके लिए यातायात पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम कर लिये हैं। गुरुवार को यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर जगह-जगह यातायात पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया है। गौरतलब है कि ईद-मीलादुन्नबी (बाराबफात) को लेकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के संयुक्त निर्देश, एएसपी कालू सिंह व यातायात सीओ राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया था।

लूटा हुआ मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ दो गिरफ्तार

इंस्पेक्टर की त्वरित कार्यशैली से अपराधी पस्त

विशाल इंडिया पूनम तिवारी

अंबेडकर नगर। पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर केशव कुमार के कुशल दशा निर्देशन में इंस्पेक्टर भीटी अमित कुमार पांडे के द्वारा लगातार अपराध व अपराधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। फल स्वरुप अपराध एवं अपराधी भीटी थाना क्षेत्र में त्राहि त्राहि करते हुए भीटी थाना क्षेत्र से बाहर पलायन करने की मजबूर हो गए हैं।उक्त के क्रम में गुरुवार को लूट के आरोपी सौरभ निषाद उर्फ पुन्नू पुत्र बृजलाल निषाद गोविंदापुर तथा रंजीत निषाद पुत्र स्वर्गीय गुरु प्रसाद निवासी गजेन्द्रपुर थाना गोसाईगंज को लूट की हुई मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया।क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि 18 अगस्त को

भीटी अमित कुमार पांडे के द्वारा टीमें बनाकर जगह-जगह दविश दी जा रही थी,तभी मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक भीटी पंकज कुमार हेड कांस्टेबल महमूद अहमद , कांस्टेबल नवनीत,कांस्टेबल रामनरेश भरद्वाज कांस्टेबल विनाय यादव के द्वारा दोनों आरोपियों को सेनपुर काही मार्ग से पीड़ित महिला के द्वारा भीटी थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था कि दो बाइक सवार युवक उसका मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए, इसके संबंध में गंभीर धाराओं में भीटी थाने पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। वांक्षित आरोपियों की सरगर्मी से भीटी पुलिस तलाश कर रही थी।इंस्पेक्टर लूट की मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे ने बताया कि लगातार अपराध व अपराधियों पर भीटी पुलिस कड़ी नजर बनाए हुए है,किसी भी दशा में किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा।

मथुरा के 6 गांव डूबे, 2000 लोगों ने घर छोड़ा

मथुरा। यमुना नदी में उफान से मथुरा में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदी की धारा डेंजर पॉइंट से 40 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। 6 गांव की फसलें डूब गई हैं। गुरुवार को यहां 3.26 लाख क्यूसिक पानी और पहुंचने वाला है। मथुरा-वृंदावन में नदी के आसपास के इलाकों में हाई अलर्ट रखा गया है। पानी और बढ़ा तो राधा वल्लभ, कात्यायनी मंदिर और राधा रमण की गलियों तक पानी पहुंच सकता है। 24 घंटे में वृंदावन की 12 कॉलोनियों के 2 हजार से ज्यादा लोग अपने रिश्तेदारों के घर शिफ्ट हो गए हैं। जिन्होंने घर में रहने का फैसला किया, वो दूसरी मंजिलों पर सामान पहुंचा रहे।935 लोगों को नाव से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया गया है। कॉलोनियों की गलियों में यमुना का पानी भरा हुआ है। वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा रूट पर 2.5 फीट तक पानी भर चुका है। एकादशी की परिक्रमा को भी रद्द किया गया है। गुरुवार को 12वीं तक के स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। कालीदह से बिहारीजी की तरफ जाने वाला रूट डूब गया है। वृंदावन में कालीदह, श्यामनगर, मोहिनीनगर, चीरघाट, केशवनगर, ब्रह्मऋषि वाटिका, गणेश टीले की पीछे की कॉलोनियों की बिजली सप्लाई रोक दी गई है। मथुरा में यमुना नदी का डेंजर लेवल 166 मीटर का है। मथुरा-वृंदावन की गलियों में बाढ़ को लेकर अनाउंसमेंट कराया जा रहा है।

ईद मिलादुन्नबी आज निकलेगा जुलूसे मुहम्मदी

ललितपुर। ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर ललितपुर शहर में तैयारियां चल रही हैं और 5 सितंबर को जुलूस-ए-मुहम्मदी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों मुस्लिम धर्मावलंबी शिरकत करेंगे। इस आयोजन में लोग पैगंबर-ए-इस्लाम के शान में नारे लगाएंगे, मुहम्मदी परचम लहराएंगे, और मस्जिदों व मुहल्लों को इस्लामी परचम से सजाएंगे। तैयारियां शहर के मुस्लिम मोहल्लों, मस्जिदों और मदरसों में बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रही हैं। मोहल्ले और मस्जिदों को इस्लामी और मुहम्मदी परचम से सजाया जा रहा है।

मुस्लिम धर्म गुरु तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और मुहम्मदी परचम का वितरण कर रहे हैं। जुलूस को लेकर हर वर्ग के लोगों में खासा उत्साह है, विशेष रूप से बच्चों में। वे शाम ढलने के बाद अपने हाथों में मुहम्मदी परचम लहराते नज़र आएंगे। आयोजन में शामिल इस जुलूस में नबी की शान में नारे और तराने पेश किए जाएंगे, और मुहम्मदी परचम लहराकर इस्लाम का नाम बुलंद किया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े त्यौहार ईद मिलादुन्नवी के मौके पर शहर के साथ -साथ मस्जिद और मजारों को सजा लिया गया है। पांच सितंबर को जुलुस-ए-मुहम्मदी को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में अच्छा खासा उत्साह है। जुलुस ए मुहम्मदी दोपहर दो बजे गोविंदनगर से आजाद चौक होते हुए नदीपुरा इमाम चौक पहुंचेगा, वही अजीतापुरा से भी जुलुस इमाम चौक पहुंचेगा। इसके बाद इमाम चौक से मऊठाना, रावरपुरा, पानी की टंकी से सीधे सदनशाह पहुंचेगा।

संक्षिप्त समाचार

लीमा में इंडोनेशियाई राजदूत की हत्या की जांच तेज

लीमा, एजेंसी। पेरू के अधिकारियों ने इंडोनेशियाई राजनयिक की गोली मारकर हत्या की जांच शुरू कर दी है। पेरू की राजधानी लीमा स्थित इंडोनेशियाई दूतावास में कार्यरत 40 वर्षीय जेट्रो लियोनार्डो पुर्बा को सोमवार रात तीन गोलियां मारी गईं, जब वह साइकिल से अपने अपार्टमेंट की इमारत की ओर जा रहे थे। उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने गोलीबारी का कारण तुरंत नहीं बताया। गृह मंत्री कार्लोस मालावर ने सांसदों को बताया कि यह सुनियोजित हत्या थी। पुलिस ने दो सीसीटीवी फुटेज जारी की है जिसमें हेलमेट पहने एक व्यक्ति राजनयिक पर दो बार गोली चलाता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके बाद राजनयिक जमीन पर गिर जाते हैं। तस्वीरों में संदिग्ध व्यक्ति राजनयिक पर तीसरी बार गोली चलाता हुआ और एक अन्य व्यक्ति द्वारा चलाई जा रही मोटरसाइकिल पर भागता हुआ दिखाई दे रहा है पेरू के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस हत्या की गहन जांच की जाएगी और इंडोनेशिया के राजदूत और दूतावास के कर्मचारियों को सभी आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

फील्ड मार्शल बनने के बाद पहली बार शी से मिले असीम मुनीर

बीजिंग, एजेंसी। पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर फील्ड मार्शल बनने के बाद पीएम शहबाज शरीफ के साथ मंगलवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पहली मिले। इस दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा की। वह शरीफ प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जिसने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लिया। वह बुधवार को जापानी हमले के विरुद्ध चीनी जन युद्ध की 80वीं वर्षगांठ पर चीनी सेना की परेड में शामिल होंगे।

अमेरिका की व्योमिंग पहाड़ियों में विमान दुर्घटनाग्रस्त, लड़की की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका की उत्तरी व्योमिंग के पहाड़ों में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 13 वर्षीय एक लड़की की मौत हो गई। उसके तीन रिश्तेदार घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि एक चिकित्सा सेवा हेलीकॉप्टर ने विमान का मलबा देखा। दुर्घटना सोमवार दोपहर बाद बिग माउंटेन क्षेत्र में हुई। मेडिकल हेलीकॉप्टर ने गिरे हुए विमान को देखा। शेरिडन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि बचाव दल ने पास के राजमार्ग यूएस 14 के पास एक पार्किंग स्थल पर एक कमांड पोस्ट स्थापित किया। घटनास्थल पर पहुंचे बचावकर्मियों ने लड़की को मृत पाया। उसके तीन रिश्तेदारों 11 वर्षीय लड़का, 53 वर्षीय महिला और 54 वर्षीय पुरुष को गंभीर रूप से घायल पाया।

न्यूयॉर्क मेयर पद के उम्मीदवार जिम वाल्डेन ने नामांकन वापस लिया

न्यूयॉर्क , एजेंसी। न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार जिम वाल्डेन ने घोषणा की कि वह अपना अभियान स्थगित कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने अपने साथी उम्मीदवारों से डेमोक्रेटिक प्राइमरी विजेता जोहरान ममदानी के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। वाल्डेन ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि जो लोग महीने के अंत तक भी चुनावों में पीछे रह गए हैं, उनसे मैं अनुरोध करता हूं कि वे इस बात पर विचार करें कि यदि वे ममदानी को अहंकार या जिद्दी महत्वाकांक्षा के बल पर सत्ता में आने देंगे तो इतिहास उनका क्या मूल्यांकन करेगा। वाल्डेन एक वकील हैं, जिन्होंने रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर और मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर कोनोर मैकग्रेगर का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने खुद को न्यूयॉर्क शहर के पूर्व मेयर माइकल ब्लूमबर्ग की तरह एक मुक्त बाजार टेक्नोक्रेट के रूप में स्थापित किया था।

ट्रम्प बोले- भारत का अमेरिका से एकतरफा रिश्ता: उन्होंने 100प्रतिशत टैरिफ लगाया

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत पर 50प्रतिशत टैरिफ इसलिए लगाया है, क्योंकि लंबे समय तक दोनों देशों के बीच 'एकतरफा रिश्ता' था। एक प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने कहा कि भारत, अमेरिकी सामानों पर 100प्रतिशत टैरिफ लगाता है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसकी वजह से अमेरिका और भारत के व्यापार में असंतुलन पैदा हो गया है।

ट्रम्प ने उदाहरण देते हुए बताया कि अमेरिकी कंपनी हार्ले डेविडसन भारत में मोटरसाइकिल नहीं बेच पा रही थी, क्योंकि भारत ने 200प्रतिशत टैरिफ लगाया हुआ था। इस वजह से कंपनी ने भारत में ही एक प्लांट बनाया, जिससे अब उसे टैरिफ नहीं देना पड़ता।

ट्रम्प बोले- टैरिफ जंग सुलझाने वाला हथियार

ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 50प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद आर्थिक तनाव बढ़ा है और इसके साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर भारत को 25प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ झेलना पड़ रहा है।

ट्रम्प ने फिर से अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए इसे 'जंग सुलझाने वाला हथियार' बताया। उन्होंने कहा कि इस नीति की वजह से अमेरिका को 'बातचीत की बेहतरीन ताकत' मिलती है। ट्रम्प ने टैरिफ को बातचीत के लिए एक जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंग रोकी हैं।

ट्रम्प ने बाइडेन प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अमेरिका दुनिया की रीढ़ है और उनके पहले चार सालों में उन्होंने इसे बेहद मजबूत बनाया था, लेकिन बाइडेन प्रशासन ने इसे कमजोर कर दिया, लेकिन अब उनकी टैरिफ नीति से अमेरिका आर्थिक रूप से सबसे ताकतवर बन गया है।

ट्रम्प बोले- अमेरिका में कारखाने लगा रहीं विदेशी कंपनियां

ट्रम्प ने दावा किया कि ज्यादा टैरिफ की वजह से कई कंपनियां अमेरिका के बाहर उत्पादन करती हैं। लेकिन उनकी नीतियों की वजह से हालात बदल रहे हैं और अब हजारों कंपनियां अमेरिका में आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कई कार कंपनियां चीन, मेक्सिको और कनाडा से आकर अमेरिका में फैक्ट्री बना रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे 3 बड़ी वजहें हैं। कंपनियां अमेरिका में रहना चाहती हैं, टैरिफ उन्हें सुरक्षा देते हैं और यहां निर्माण करने से उन्हें एक्स्ट्रा टैक्स नहीं देना पड़ता। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अमेरिका के लिए फायदेमंद है और यही वजह है कि उन्होंने भारत पर कड़ा टैरिफ लगाया।

ट्रम्प का दावा- भारत 0 प्रतिशत टैरिफ करने को तैयार

ट्रम्प ने यह भी साफ कर दिया कि वे भारत पर लगाए गए टैरिफ कम करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते बहुत अच्छे हैं। ट्रम्प ने पहले भारत के निर्यात पर 25प्रतिशत शुल्क लगाया था, लेकिन इसे बढ़ाकर 50प्रतिशत कर दिया गया। इसका असर अमेरिका को भेजे जाने वाले भारत के 55प्रतिशत से ज्यादा सामान पर पड़ा। सोमवार को सोशल मीडिया पर ट्रम्प ने लिखा था कि भारत ने अपने टैरिफ घटाने की पेशकश की है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कब हुआ और क्या अमेरिका भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू करेगा। उन्होंने बस इतना कहा, अब देर हो चुकी है। उन्हें यह सालों पहले करना चाहिए था।

हम किसी धमकी से नहीं डरते, चीन के उदय को कोई नहीं रोक सकता: शी जिनपिंग

बीजिंग, एजेंसी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को सीधा संदेश देते हुए कहा कि चीन कभी किसी दबाव में नहीं आता और न ही किसी से डरता है। चीन का उदय अब कोई नहीं रोक सकता। यह बयान उन्होंने बीजिंग में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ मंच साझा करते हुए दिया।

तियानानमेन स्क्वायर में 50,000 से ज्यादा लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए शी ने चेतावनी दी, आज दुनिया शांति या युद्ध, बातचीत या टकराव और साझा जीत या जीरो-सम गेम के बीच चुनाव के मोड़ पर खड़ी है। जीरो-सम गेम का मतलब- एक पक्ष को जितना फायदा होता है, दूसरे पक्ष को उतना ही नुकसान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन के लोग इतिहास के सही पक्ष में मजबूती से खड़े हैं।

लिमोजीन (खुले टॉप वाली कार) में सवार होकर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के नेता जिनपिंग ने सैन्य टुकड़ियों और मिसाइल, टैंक और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का निरीक्षण किया। आसमान में हेलिकॉप्टर्स ने बैनर लहराए और लड़ाकू विमानों ने शानदार उड़ानें भरीं।

सैन्य परेड में कई विदेशी नेता हुए शामिल : करीब सत्तर मिनट तक चले इस प्रदर्शन का समापन 80 हजार सफेद कबूतरों और रंग-बिरंगे गुब्बारों की उड़ान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक विदेशी नेता शामिल हुए, जो अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद के बीच चीन से करीबी संबंध बनाना चाहते हैं।

इस समारोह में सबसे ज्यादा नजर पुतिन, किम जोंग उन और ईरान के राष्ट्रपति पर थी। समारोह की शुरुआत में शी जिनपिंग के साथ पुतिन और किम दोनों की मौजूदगी ने अमेरिका के नेतृत्व वाली विश्व व्यवस्था को सीधी चुनौती देने का संकेत दिया। सैन्य परेड में दस हजार से अधिक सैनिक और सैकड़ों आधुनिक हथियार शामिल थे, जिसके जरिए शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत और आधुनिकीकरण अभियान को दिखाया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने क्या कहा : इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर निशाना साधते हुए शी जिनपिंग, पुतिन और किम पर अमेरिका के खिलाफ साजिश करने का आरोप लगाया।ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने चीन की आजादी के लिए जो खून-पसीना बहाया, उसे शी जिनपिंग कभी याद करेंगे या नहीं? कई अमेरिकियों ने चीन की जीत और गौरव के लिए अपनी जान दी थी। उन्होंने आगे लिखा, उम्मीद है कि उन्हें सही सम्मान मिलेगा और उनकी बहादुरी को याद किया जाएगा। शी और चीन की जनता को

ऐसे लोगों पर नहीं लागू कर सकते कानून, एलियन एनिमीज एक्ट 1798 के इस्तेमाल पर ट्रंप को संघीय अदालत से झटका

वाशिंगटन, एजेंसी। एक संघीय अदालत ने ट्रंप प्रशासन को करारा झटका दिया है। एलियन एनमीज एक्ट, 1798 के इस्तेमाल के मामले में संघीय अपील अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया। इसमें अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून एलियन एनमीज एक्ट, 1798 का इस्तेमाल उन लोगों को तेजी से निर्वासित करने के लिए नहीं कर सकते जिन्हें उनकी सरकार वेनेजुएला के आपराधिक गिरोह का सदस्य बताती है।

अमेरिका की 5वीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने 2-1 के फैसले में निचली अदालतों और आप्रवासी अधिकार कार्यकर्ताओं की दलील से सहमति जताई। अदालत ने कहा कि यह कानून केवल युद्धकाल में दुश्मन देशों के नागरिकों के खिलाफ लागू करने के लिए बना था, न कि आपराधिक संगठनों जैसे ट्रेन डे अरागुआ के खिलाफ इस्तेमाल के लिए। बता दें कि ट्रेन डे अरागुआ के खिलाफ ट्रंप प्रशासन ने मार्च में कार्रवाई शुरू की थी। ट्रंप प्रशासन ने ट्रेन डे अरागुआ से जुड़े लोगों को निर्वासित कर अल सल्वाडोर की कुख्यात जेल में भेज दिया था और दलील दी थी कि अमेरिकी अदालतें उन्हें वहां से रिहा करने का आदेश नहीं दे सकतीं। अदालत का यह फैसला तब आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ समेत अपने कई फैसलों को लेकर आलोचनाएं झेल रहे हैं। ऐसे में ट्रंप की आव्रजन नीति के लिए यह फैसला बड़ा झटका माना जा रहा है।

इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष विराम के लिए आगे आए फ्रांस और सऊदी अरब

पेरिस, एजेंसी। इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष विराम के लिए फ्रांस और सऊदी अरब आगे आए हैं। दोनों देश 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में इस्राइल-फलस्तीनी संघर्ष के द्वि-राज्य समाधान पर एक हाई-प्रोफाइल सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना है। वहीं फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका से फलस्तीन अधिकारियों को वीजा देने से इनकार करने के फैसले को वापस लेने की मांग की।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि मैंने अभी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से बात की है। हम दोनों मिलकर 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में द्वि-राज्य समाधान पर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि फलस्तीनी अधिकारियों को वीजा न देने का अमेरिकी फैसला अस्वीकार्य है। हम इस फैसले को वापस लेने और अमेरिका के समझौते के अनुसार फलस्तीनी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग करते हैं। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है। द्वि-राज्य समाधान के लिए व्यापकतम अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना।

मैक्रों ने सम्मेलन की प्रमुख प्राथमिकताएं भी बताईं। उन्होंने कहा कि इसमें स्थायी युद्धविराम

लागू करना, सभी बंधकों की रिहाई, गाजा में बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता पहुंचाना और गाजा पट्टी में एक स्थिरीकरण मिशन की तैनाती शामिल है। उन्होंने शांति सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक उपायों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसमें हमास को निरस्त्र करना और उसे गाजा के शासन से बाहर करना, फलस्तीनी प्राधिकरण में सुधार और उसे मजबूत करना और गाजा पट्टी का पूर्ण पुनर्निर्माण शामिल है।

मैक्रों ने आगे कहा कि इसके लिए एक स्थायी युद्धविराम लागू करना, सभी बंधकों की रिहाई, गाजा के लोगों को बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता पहुंचाना और गाजा में एक स्थिरीकरण मिशन की तैनाती आवश्यक होगी। हम यह भी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि अगले दिन हमास को निरस्त्र कर दिया जाए और गाजा के किसी भी शासन से बाहर कर दिया जाए। फलस्तीनी प्राधिकरण में सुधार और उसे मजबूत किया जाए और गाजा पट्टी का पूरी तरह से पुनर्निर्माण किया जाए। कोई भी आक्रमण, कब्जा करने का प्रयास या आबादी का जबरन विस्थापन उस गति को पटरी से नहीं उतार पाएगा जो हमने क्राउन प्रिंस के साथ मिलकर बनाई है।

यह घोषणा गाजा में मानवीय संकट को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच हुई है। इस्राइल के सैन्य विस्तार के बाद और भी बदतर हो गया है। मैक्रों उन पहले कुछ पश्चिमी विश्व नेताओं में से एक थे जिन्होंने कहा कि उनका देश औपचारिक रूप से फलस्तीन राज्य को मान्यता देगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, पुर्तगाल और यूनाइटेड किंगडम के नेता भी फलस्तीन राज्य को मान्यता देने के लिए तैयार हुए। अब बेल्जियम ने भी फलस्तीन राज्य को मान्यता देने और इस्राइल पर कड़े प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

फिर दहला पाकिस्तान, रैली में गए 14 लोग मरे, बलूचिस्तान में हमलावर ने खुद को उड़ा लिया

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान के क्वेटा शहर में बीएनपी यानी बलूचिस्तान नेशनल पार्टी द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक रैली के समाप्त होने के तुरंत बाद हुए आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 14 लोग मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने हमले की निंदा करते हुए इसे मानवता के दुश्मनों द्वारा किया गया कायराना कृत्य बताया। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने बताया कि यह विस्फोट मंगलवार रात को सरदार अताउल्लाह मेंगल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रैली के समापन के बाद सरियाब क्षेत्र में शाहवानी स्टेडियम के पास हुआ। समाचार पत्र के अनुसार प्रांतीय स्वास्थ्य मंत्री बख्त मुहम्मद काकर ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की है।

'द डॉन' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह एक आत्मघाती हमला था। पुलिस के अनुसार, विस्फोट रैली समाप्त होने के लगभग 15 मिनट बाद हुआ। हमलावर ने पार्किंग क्षेत्र में विस्फोटकों से लदी अपनी जैकेट में कथित तौर पर उस समय विस्फोट कर दिया, जब लोग रैली में भाग लेने के बाद वहां से निकल रहे थे।

'डॉन' के अनुसार, रैली का नेतृत्व कर रहे बीएनपी प्रमुख अख्तर मेंगल को कोई चोट नहीं आई, क्योंकि विस्फोट उस समय हुआ जब वह घर के लिए निकल रहे थे। इसमें कहा गया है कि पख्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के प्रमुख महमूद खान अचकजई, अवामी नेशनल पार्टी के असगर खान अचकजई और नेशनल पार्टी के पूर्व सीनेटर मीर कबीर मुहम्मद शाई भी रैली में मौजूद थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई।

हालांकि, प्रांतीय असेंबली (एमपीए) के पूर्व बीएनपी सदस्य मीर अहमद नवाज बलूच और पार्टी के केंद्रीय श्रम सचिव मूसा जान सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक घायल हो गए। बीएनपी प्रमुख मेंगल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पुष्टि की कि वह सुरक्षित हैं, लेकिन अपने कार्यकर्ताओं की मौत से बेहद दुखी हैं। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट में 15 बीएनपी कार्यकर्ताओं की जान चली गई। विस्फोट के बाद एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है और क्वेटा और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब तक किसी भी समूह ने बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

चीन से अकेले नहीं लड़ा जा सकता, भारत से बिगड़ते रिश्तों पर पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने जताई चिंता

वॉशिंगटन, एजेंसी। टैरिफ को लेकर भारत से बिगड़ते रिश्तों पर पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने चिंता जाहिर की है। पूर्व अमेरिकी सलाहकार मैरी किसेल ने कहा कि अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का अकेले मुकाबला नहीं कर सकता। उन्होंने अमेरिका के साथ साझेदारी में भारत की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका को भारत के समर्थन की जरूरत है।

एक साक्षात्कार के दौरान पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ की वरिष्ठ सलाहकार रहीं किसेल ने दोनों देशों के बीच आर्थिक तनाव के बीच मजबूत भारत-अमेरिका साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम चीन को अमेरिका और अपनी जीवनशैली के लिए सबसे बड़ा खतरा मानने के बारे में वाकई गंभीर हैं, तो हमें भारत की जरूरत है। यह एक सच्चाई है। हम एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उनसे अकेले नहीं लड़ सकते। किसेल ने बताया कि एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की भागीदारी चीन की मुखरता से निपटने में ट्रंप प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश कर सकती है। हमें न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया, न सिर्फ जापान में अपने दोस्तों, बल्कि भारत के भी सहयोग की जरूरत है। मुझे लगता है कि यह बैठक ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती को उजागर कर रही है।हाल ही में चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्ष परिषद शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी।

इस्राइली हमले के बाद यमन में हूती-विद्रोहियों ने की यूएन के दफ्तरों में छापेमारी, हिरासत में लिए 19 कर्मी

सना , एजेंसी। यमन की राजधानी सना में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के दफ्तरों पर हूती विद्रोहियों की ओर से की गई छापेमारी में 19 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। यह संख्या पहले बताई गई संख्या से ज्यादा है। यूएन ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यूएन के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को जानकारी दी कि हिरासत में लिए गए 19 लोगों में से 18 यमनी नागरिक हैं और एक अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को तुरंत रिहा करने की अपील की। ये छापेमारी रविवार को एजेंसी के उन दफ्तरों पर की गई, जो खाने-पीने, स्वास्थ्य और बच्चों से जुड़ी सेवाएं देती हैं। यह कार्रवाई इस्राइल के उस हवाई हमले के बाद की गई, जिसमें हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी और कई कैबिनेट मंत्रियों की हत्या कर दी गई थी।

शांति वार्ताओं की उम्मीदें तब खत्म हो गईं, जब सात अक्तूबर 2023 को हमास ने दक्षिण इस्राइल पर हमला किया था। इसके जवाब में इस्राइल ने गाजा पर युद्ध छेड़ दिया। इसके बाद हूती विद्रोहियों ने गाजा के फलस्तीनी

के समर्थन में लाल सागर में जहाजों पर हमले शुरू कर दिए। इसके जवाब में अमेरिका और इस्राइल ने यमन के हूती-नियंत्रित इलाकों पर हवाई हमले किए।

संयुक्त राष्ट्र, अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन और हूती-नियंत्रित इलाकों में काम कर रहे राजनयिकों पर यह ताजा कार्रवाई हूती विद्रोहियों पर दबाव की रणनीति मानी जा रही है। दुजारिक ने कहा बताया कि इससे पहले भी हूती विद्रोही 23 यूएन कर्मचारियों को हिरासत में ले चुके हैं, जिनमें से कुछ को 2021 से ही बंदी बनाकर रखा गया है।

कर्मचारियों की गिरफ्तारी से यूएन की क्षमता प्रभावित

संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हांस ग्रंडबर्ग ने हाल ही में ओमान की राजधानी मस्कट का दौरा किया, जहां उन्होंने हूती विद्रोहियों के प्रमुख वार्ताकार मोहम्मद अब्देलसालम और अन्य राजनयिकों से मुलाकात की। दुजारिक ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान उन्होंने यूएन कर्मचारियों की गिरफ्तारी और दफ्तरों में जबरन प्रवेश की निंदा की। उन्होंने चेतावनी दी कि हूती विद्रोहियों की यह कार्रवाई यमन के लोगों तक मदद पहुंचाने की यूएन की क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। यमन अरब दुनिया का सबसे गरीब देश माना जाता है।

भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने क्रिकेट से लिया संन्यास, 8 साल पहले खेला था आखिरी मैच

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने बृहस्पतिवार को क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कर दिया जिससे उनके 15 साल से अधिक के करियर पर विराम लग गया। भारत के लिए आखिरी बार 2017 में खेलने वाले 42 वर्ष के मिश्रा 2024 तक आईपीएल खेले हैं। उन्होंने कहा, 'मैने क्रिकेट से संन्यास का फैसला ले लिया है।' उन्होंने भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले हैं । उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2008 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

गुरुवार को एक बयान में मिश्रा ने कहा कि पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला बार-बार होने वाली चोटों और अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को बड़े मंच पर चमकने के पर्याप्त अवसर देने के विश्वास से प्रभावित था। उन्होंने कहा, 'मैं उन प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिनके प्यार और समर्थन ने मुझे जब भी और जहां भी मैंने खेला, इस सफर को यादगार बना दिया। क्रिकेट ने मुझे अनगिनत यादें और अमूल्य सीख दी हैं और मैदान पर बिताया हर पल एक यादगार पल है जिसे मैं जिंदगी भर संजो कर रखूंगा।'

मिश्रा ने 2003 में बांग्लादेश में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, लेकिन मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लिए उन्हें 2008 तक इंतजार करना पड़ा, जहां वे अपने पहले ही मैच में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए। 2013 में उन्होंने जिम्बाब्वे में 5 मैचों की श्रृंखला में 18 विकेट लेकर जवागल श्रीनाथ के द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने बांग्लादेश में 2014 टी20 विश्व कप में भी खेला, जहां उन्होंने 14.70 की औसत और 6.68 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट लिए जिसमें भारत उप-विजेता रहा।

2017 में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद मिश्रा ने घरेलू क्रिकेट और IPL खेलना जारी रखा। उनका आखिरी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मैच IPL 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ था, जहां उन्होंने 1-20 का औसत हासिल किया। मिश्रा हरियाणा के लिए एक शानदार घरेलू क्रिकेट करियर के अलावा IPL में सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 162 मैचों में 23.82 की औसत और 7.37 की इकॉनमी रेट से 174 विकेट लिए हैं। उनके नाम IPL के इतिहास में तीन हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज होने का रिकॉर्ड भी है। संयोग से मिश्रा की IPL हैट्रिक तीन अलग-अलग टीमों के लिए आईः

2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), 2011 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) और 2013 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए। भविष्य को देखते हुए मिश्रा ने कहा कि वह युवा क्रिकेटरों को कोचिंग, कमेंट्री और मार्गदर्शन के माध्यम से खेल से जुड़े रहना चाहते हैं, साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूट्यूब के माध्यम से प्रशंसकों के साथ नियमित रूप से बातचीत करना चाहते हैं।

(ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में धवन से पूछताछ की

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की मुश्किले बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में गुरुवार को उनसे पूछताछ की। धवन भी कुछ गेमिंग कंपनियों के विज्ञापन से जुड़े है। वहीं सरकार ने हाल ही में सभी ऑनलाइन गैमिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह कथित अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में धवन से पूछताछ शुरू की। ईडी ने गुरुवार सुबह 11 बजे धवन को मुख्यालय में बुलाया। जिससे प्रचार और विज्ञापनों के माध्यम से ऐप से उनके कथित संबंधों और विश्रापनों से हुई आय का पता लगाया जा सके।

धवन से मुख्यालय पहुंचने के तुरंत बाद पूछताछ शुरू हुई और उन्हें जांचकर्ताओं के सामने पेश किया गया। इससे पहले इस मामले में सुरेश रैना सहित कुछ अन्य क्रिकेटरों से भी पूछताछ हुई थी। वे मशहूर सितारे जो ऐप से किसी भी प्रकार जुड़े रहे हैं उनसे इस मामले में पूछताछ हुई है। इन ऐप पर कर चोरी और निवेशकों से धोखाधड़ी का संदह है। इसमें कई अभिनेता भी शामिल हैं। यह मामला भारत में संचालित एक कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म से जुड़ा है, जिस पर मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और अपने एल्गोरिदम में हेराफेरी का संदेह है। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक कानून लाकर पैसे वाले ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में अब आगे इस तरह के ऐप का न कोई प्रमोशन होगा और न ही इसे भारत में संचालित किया जा सकेगा।

बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं अश्विन

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन आईपीएल से संन्यास के बाद अब ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) में भी खेलते हुए नजर आ सकते हैं। अभी तक किसी भी भारतीय खिलाड़ी ने इस लीग से नहीं खेला है। ऐसे में अगर अश्विन बीबीएल के लिए करार करते हैं तो अन्य भारतीय खिलाड़ियों का भी संन्यास के बाद एक नया विकल्प मिल जाएगा। कोई भी भारतीय क्रिकेटर संन्यास के बाद इस लीग में नहीं खेला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने स्वयं अश्विन से संपर्क किया है। उन्होंने अश्विन के आईपीएल से संन्यास लेने के तुरंत बाद उनसे बात की। ग्रीनबर्ग ने कहा कि अश्विन जैसे बड़े खिलाड़ी के बीबीएल में लाने से लीग का आकर्षण बढ़ेगा। वह एक चैंपियन क्रिकेटर हैं, जो लीग में और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में बहुत कुछ कर सकते हैं। इससे साफ है कि सीए इस करार को लेकर उत्सुक है। हालांकि,

बीबीएल में अश्विन को लाने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एक खास व्यवस्था करनी पड़ सकती है। इसके पीछे का कारण ये है कि अधिकांश टीमों ने अपने खिलाड़ियों पर अपना पर्स खर्च कर दिया है। ऐसे में अश्विन को देने के लिए उनके पास ज्यादा पैसे नहीं होंगे। सूत्रों की मानें तो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया डेविड वॉर्नर की तरह अश्विन को प्रति मैच के हिसाब से भुगतान कर सकती है। दो सत्र पहले वॉर्नर को हर मैच के लिए लगभग 80,000 ऑस्ट्रेलियन डॉलर यानी करीब 46 लाख रुपये मिलते थे। ऐसे में अश्विन के लिए भी इसी तरह का कोई खास करार तैयार किया जा सकता है। इसके साथ-साथ ब्रांड या एंडोर्समेंट डील भी इस समझौते का हिस्सा हो सकती हैं।अगर अश्विन और बीबीएल के बीच डील होती है तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ा कदम होगा, क्योंकि तमाम ऐसे क्रिकेटर हैं, जिनको भारत की टीम में या आईपीएल में मौका नहीं मिलता तो वे बीबीएल का रुख कर सकते हैं।

दलीप ट्रॉफी 2025: दूसरे सेमीफाइनल में छाए ऋतुराज गायकवाड़ , लगाई बेहतरीन सेंचुरी

बेंगलुरु (एजेंसी)। दलीप ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट जोन और सेंट्रल जोन के बीच भिड़ंत हो रही है। जहां वेस्ट जोन के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने कमाल कर दिया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पहली पारी में बेहतरीन सेंचुरी ठोकी है। गायकवाड़ ने अपनी क्लास दिखाते हुए 13 चौकों के दम पर अपना शतक पूरा किया। गायकवाड़ की सेंचुरी इसलिए भी खास है क्योंकि सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन ने अपने दो धाकड़ बल्लेबाजों को पहले ही खो दिया था। यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर दोनों ही बल्लेबाज पहली पारी में फेल रहे। जहां जायसवाल ने महज 4 तो अय्यर ने 25 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपने ही अंदाज में खेलते हुए स्ट्राइक रोटेशन के साथ-साथ क्लासिक चौके भी जड़े। बिना रिस्क लेते हुए गायकवाड़ ने 70 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से सेंचुरी लगाई। वो फर्स्ट क्लास करियर में 8वीं बार सैकड़ा लगाने में कामयाब रहे। गायकवाड़ के साथ श्रेयस अय्यर भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने चार चौके लगा दिए थे लेकिन तेजी से बल्लेबाजी के फेर में वो 28 गेंदों में 25 रन पर बोल्ड हो गए। गायकवाड़ हालांकि, क्रीज पर जमे रहे और उन्होंने लंच के बाद अपनी सेंचुरी पूरी की। बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी

जायसवाल भी इंग्लैंड दौरे के बाद पहली बार मैदान पर दिखाई दिए और ये खिलाड़ी सिर्फ 3 ही गेंद खेलकर पवेलियन लौट गया। जायसवाल को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। हार्विक देसाई भी दीपक चाहर का शिकार हो गए, वो एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्या देसाई ने ऋतुराज के साथ मिलकर 82 रनों की साझेदारी की जिससे वेस्ट जोन की टीम शुरुआती झटकों से उबर पाई।

युकी भांबरी यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे, इतिहास रचने से 2 जीत दूर

यूएस ओपन 2025 से भारतीय फैंस के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने मेन्स डबल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीत लिया। 13वीं वरीयता प्राप्त भांबरी-वीनस ने बुधवार को न्यूयॉर्क में खेले गए क्वार्टर फाइनल में 11वीं सीड राजीव राम और निकोला मेटकिक को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। ये मैच 2 घंटा और 37 मिनट तक चला। पहली बार युकी भांबरी किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह पिछले साल यूएस ओपन में प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। अब मौजूदा प्रदर्शन से युकी भांबरी डबल्स रैंकिंग में टॉप-25 में पहुंच जाएंगे।

बता दें कि, आखिरी बार किसी भारतीय ने यूएस ओपन का खिताब 2015 में जीता था। उस दौरान लिएंडर पेस और सानिया मिर्जा क्रमशः मिक्स्ड डबल्स और महिला डबल्स में चैंपियन बने थे। रोहन बोपन्ना 2023 में यूएस ओपन के फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन खिताब जीतने से चूक गए थे। युकी भांबरी-माइकल वीनस ने बेहतरीन शुरूआत करते हुए पहला सेट 6-3 से जीता। दूसरा सेट बेहद रोमांचक रहा और टाई-ब्रेक तक खिंच गया। इस दौरान युकी डबल फॉल्ट कर बैठे, जिसका फायदा उठाकर राम-मेटकिक ने टाईब्रेकर को 8-6 से जीत मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट में भांबरी-वीनस ने बेहतरीन वापसी की और जल्दी ही ब्रेक हासिल करके हासिल कर बढ़त बनाई, जो निर्णायक रहा।

धोनी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, टीवी विज्ञापनों के मामले में अमिताभ बच्चन सहित कई बड़ी हस्तियों को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली । महेंद्र सिंह धोनी भले ही 5 साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हों लेकिन उनका जलवा अभी भी कायम है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 2025 में सबसे ज्यादा टीवी विज्ञापन करने वालों में पहला नाम थाला यानि धोनी का है और उन्होंने टीवी विज्ञापनों के रिकॉर्ड तोड़ते हुए अमिताभ बच्चन, विराट कोहली सहित कई बड़ी हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। ञ्चरू स्रश्च× की टीवी विज्ञापन रिपोर्ट (जनवरी-जून) के अनुसार धोनी 2025 की पहली छमाही में भारतीय टेलीविजन पर दूसरे सबसे ज्यादा दिखाई देने वाले सेलिब्रिटी बनकर उभरे हैं। ब्रांड एंडोर्समेंट के मामले में धोनी ने केवल 6 महीनों में 43 ब्रांडों के साथ काम कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जो पिछले वर्ष के उनके 42 ब्रांडों के आंकड़े को पार कर गया। यह आंकड़ा अमिताभ बच्चन द्वारा 2024 के पूरे वर्ष के लिए किए गए कुल विज्ञापनों से भी ज्यादा है। शाहरुख खान ब्रांड संख्या में धोनी के बाद 35 विज्ञापनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन 28 विज्ञापनों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। धोनी को प्रतिदिन औसतन 22 घंटे टीवी विज्ञापनों में देखा गया, जो सभी टेलीविजन चैनलों पर कुल विज्ञापनों की संख्या का लगभग 7त्न था। यह उन्हें भारतीय विज्ञापन जगत के सबसे भरोसेमंद चेहरों में से एक बनाता है। सबसे ज्यादा दिखाई देने वाले टीवी सेलेब्रिटीज़ की सूची में शामिल होने वाले अन्य क्रिकेटरों में विराट कोहली और राहुल द्रविड़ शामिल हैं। द्रविड़ की औसत दैनिक दृश्यता 6.4 घंटे और कोहली की 6.3 घंटे थी। दोनों ने कुल विज्ञापन मात्रा में लगभग 2त्न का योगदान दिया।

इगा स्वियाटेक को हराकर अमांडा अनिसिमोवा यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। अमांडा अनिसिमोवा ने बुधवार को यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर दो टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को 6-4, 6-3 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी और अहम जीत मानी जा रही है। करीब आठ हफ्ते पहले ही उन्हें विंबलडन फाइनल में स्वियाटेक के हाथों हार झेलनी पड़ी थी, लेकिन इस बार उन्होंने पूरी मजबूती और आत्मविश्वास के साथ वापसी करते हुए जीत हासिल की।

शुरुआत में दबाव, फिर लय में लौटीं

मैच की शुरुआत में स्वियाटेक ने तेजी से दबाव बनाया और जल्दी ब्रेक हासिल किया। लेकिन अनिसिमोवा ने हार नहीं मानी। उन्होंने तीसरे ब्रेक प्वाइंट पर एक शानदार फोरहैंड मारकर वापसी की और पहला सेट जीतकर आत्मविश्वास हासिल किया। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'पहला गेम जीतने से मुझे राहत मिली और मैं फिर सहज होकर खेल सकी।'

पहला सेट कड़ा लेकिन अहम

पहला सेट काफी टक्कर वाला रहा। अनिसिमोवा ने कई अहम मौकों पर शानदार शॉट लगाए और स्वियाटेक की दूसरी सर्विस पर ज़्यादातर अंक जीत लिए। उन्होंने आक्रामक खेल दिखाते हुए पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में स्वियाटेक ने 2-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन अनिसिमोवा ने वापसी करते हुए गेम को अपने पक्ष में कर लिया। उन्होंने स्वियाटेक की सर्विस तोड़ी और मैच में नियंत्रण बनाए रखा। स्वियाटेक की लगातार गलतियों और कमजोर सर्विस का उन्होंने पूरा फायदा उठाया।

मानसिक तौर पर तैयार थीं

अनिसिमोवा ने बताया कि उन्होंने मैच से पहले विंबलडन की हार दोबारा देखी, ताकि समझ सकें कि गलती कहाँ हुई थी। उन्होंने कहा, 'मैंने खुद को मानसिक रूप से तैयार किया था। डर बिल्कुल भी नहीं था और मैं खुद को लगातार प्रोत्साहित कर रही थी।'

स्वियाटेक ने मानी हार की वजह

स्वियाटेक ने माना कि उनकी सर्विस में कमी रही और अनिसिमोवा ने उनकी दूसरी सर्विस पर बेहतरीन रिटर्न लगाए। उन्होंने कहा, 'मेरी सर्विस ने आज फर्क पैदा किया।'

अब अगली चुनौती सेमीफाइनल में

अब अनिसिमोवा का सामना सेमीफाइनल में या तो नाओमी ओसाका या करोलिना मुचोवा से होगा। अनिसिमोवा ने कहा, 'दोनों खिलाड़ी मजबूत हैं, मुझे पूरे ध्यान से खेलना होगा।'

जीत से बढ़ा आत्मविश्वास

अनिसिमोवा ने कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे खास जीत है। इससे मुझे यकीन हो गया है कि मैं दुनिया की टॉप खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सकती हूँ।'

एकदिवसीय विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी पाक टीम : सना

लाहौर । आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप के लिए पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना ने कहा है कि उनकी टीम भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। पाक टीम अपना पहला मैच दो अक्टूबर को कोलंबो में बांग्लादेश से खेलेगी। महिला विश्व कप में पाकिस्तान की टीम पांच बार खेल चुकी है लेकिन 1997, 2013 और 2017 में एक भी मैच नहीं जीत सकी।

पिछली बार 2022 में उसे एकमात्र जीत हैमिल्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली लेकिन बाकी सारे मैच हारकर टीम आखिरी स्थान पर रही थी। पाकिस्तान के लिये 34 एकदिवसीय में 397 रन बनाने और 45 विकेट लेने वाली फातिमा को भरोसा है कि इस बार उनकी टीम जीतेग क्योंकि उसमें शामिल युवा खिलाड़ियों को पता है कि उनके प्रदर्शन से देश में महिला क्रिकेट का विकास होगा। उन्होंने कहा, ''युवा खिलाड़ियों को पता है कि पाकिस्तान महिला क्रिकेट के लिये यह टूर्नामेंट कितना अहम है। हम अतीत के बारे में नहीं सोचेंगे। मेरा लक्ष्य टीम को सेमीफाइनल तक ले जाना है।'' उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी पर भी पिछले एक साल में काफी काम किया गया है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास अच्छे गेंदबाज हैं और स्पिनर हमारे ट्रंपकार्ड होंगे। हम बल्लेबाजी से ज्यादा गेंदबाजी पर निर्भर करेंगे लेकिन पिछले एक साल में बल्लेबाजी पर काफी काम किया है जिसका परिणाम मिलेगा।'' उन्होंने कहा कि टीम का ध्यान क्वालीफायर वाली लय को कायम रखने पर होगा और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट से पहले होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला से टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''टीम अच्छी लय में है और क्वालीफायर में उम्दा प्रदर्शन के बाद सभी का मनोबल बढ़ा हुआ है। टीम में वही खिलाड़ी टीम में हैं जो क्वालीफायर खेली थीं। छह खिलाड़ियों का यह पहला विश्व कप है और वे काफी उत्साहित हैं।'' फातिमा ने कहा, ''विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने को लेकर दबाव तो है पर वह भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैने उनके भारत के कप्तान के तौर पर और आईपीएल के भी मैच देखे हैं। वह जिस तरह मैदान पर फैसले लेते हैं, शांत रहते हैं और अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। जब मुझे कप्तानी मिली थी तभी मैने सोचा था कि धोनी की तरह बनना है।''

टेस्ट को रोमांचक बनाने जब चाहे नई गेंद लेने का नियम शुरु करें : कुक

लंदन । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट को रोमांचक बनाने के लिए गेंद बदलने के नियम में बदलाव करना है। कुक ने कहा है कि अभी 80 ओवरों के बाद ही गेंद बदली जाती है जबकि ऐसा करना चाहिये कि कभी भी गेंद बदली जा सके। का इस्तेमाल किसी भी ओवर से कर सकते हों। अभी के लिए ये निमय 80 ओवर के बाद शुरू होता है। एलिस्टर कुक ने ये बात पूर्व कप्तान माइकल वॉन, डेविड लॉयड और फिल टफनेल के साथ खेल के नियमों में बदलाव की बात करते हुए कही। उनका कहना था कि इससे खेल और बेहतर होगा। इसी दौरान कुक ने कहा कि कभी भी गेंद बदलने से एक मैच में 20 विकेट लेने में सहायता मिल सकती है, साथ ही फैसल लेने में एक और रणनीतिक पहलू भी जुड़ सकता है। एक कार्यक्रम में कुक ने कहा, मैं एक नया नियम जोड़ना चाहूंगा कि 160 ओवरों में आप जब चाहें नई गेंद ले सकें? कुक ने कहा, आपके पास 160 ओवरों के लिए दो नई गेंदें होती हैं। ऐसे में नियम ये होना चाहिए कि आप जब चाहें दूसरी गेंद ले सकते हैं। आप चाहें तो 30 ओवरों के बाद दूसरी नई गेंद ले सकते हैं। अभी जो नियम नई गेंद को लेकर है उसमें गेंदबाजी करने वाली टीम के पास हर 80 ओवर के बाद एक नई गेंद लेने का विकल्प होता है पर कुक के सुझाव के बाद उन्हें पहले भी नई गेंद लेने का अवसर मिल सकता है, जिससे वे विकेट निकाल सकें।

विराट कोहली और रोहित शर्मा पर बोले पूर्व क्रिकेटर, हम एक प्रदर्शन-आधारित उद्योग में हैं

बेंगलुरु (एजेंसी)। रोहित शर्मा और विराट कोहली अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे के दौरान भारतीय वनडे टीम में अपनी बहुचर्चित वापसी के लिए तैयार हैं। लंबे समय से टीम से जुड़े ये दोनों खिलाड़ी पिछले एक साल में टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और 50 ओवरों के प्रारूप में अपने भविष्य को लेकर भी चुप्पी साधे हुए हैं। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि मौजूदा टीम प्रबंधन नहीं चाहता कि ये दोनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के बाद खेलना जारी रखें। हालांकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने जोर देकर कहा है कि किसी को भी यह तय करने का अधिकार नहीं है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से कब संन्यास लेना चाहिए।

दासगुप्ता ने कहा, 'किसी ने भी यह सही नहीं किया। हमने उन्हें कभी शुरुआत करने के लिए नहीं कहा, इसलिए हम उन्हें यह बताने वाले कोई नहीं होते कि कब रुकना है। वे जब रुकते हैं, तब रुकते हैं। यह पूरी तरह से उन पर निर्भर करता है। हां, जहां तक चयन का सवाल है तो हम एक प्रदर्शन-आधारित उद्योग में हैं। आप प्रदर्शन करते रहें, आप बने रहें। इसमें कोई दो राय नहीं है। मैंने हाल ही में उनकी (रोहित) तस्वीरें देखीं, वह फिट दिख रहे हैं, वह पूरी तरह से तैयार हैं और आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं।'

पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उन दोनों के पास आगे बढ़ने के लिए कुछ साल बाकी हैं। मुझे सचमुच थोड़ा गुस्सा आता है जब लोग कहते हैं, 'ओह, इस आदमी को संन्यास ले लेना चाहिए'। मेरा मतलब है कि हम कौन होते हैं ऐसा सुझाव देने वाले?' अगले 12 महीनों में वनडे मैचों की कमी पर बात करते हुए दासगुप्ता का मानना है कि अगर रोहित और कोहली मैच के लिए फिट रहना चाहते हैं तो उन्हें IPL के अलावा विदेशों में खेलने के मौके भी तलाशने चाहिए।

उन्होंने कहा, 'उदाहरण के लिए IPL दो महीने तक चलेगा। फिर वे 7-8 या शायद 8-9 वनडे मैच खेलेंगे। इस बीच विजय हजारे ट्रॉफी है। फिर अगर वे चाहें, तो इंग्लैंड जाकर 50 ओवर का मैच खेल सकते हैं। इसलिए आपके पास क्रिकेट खेलते रहने के विकल्प हैं, भले ही उच्चतम स्तर या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न हों, लेकिन आपके पास अभी भी विकल्प हैं।'

दासगुप्ता ने कहा अगर दोनों मानदंड पूरे कर लेते हैं, तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में लीग क्रिकेट खेलने के विकल्पों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि इसकी कोई संभावना है या नहीं, शायद

दक्षिण अफ्रीका जाएं या ऑस्ट्रेलिया जाकर वहां कुछ 50 ओवर के मैच खेलें। मुझे पता है, जहां तक इंग्लैंड का सवाल है कि यह निश्चित रूप से एक विकल्प है। हालांकि मुझे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से जुड़े नियमों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन असल बात है भूख। अगर उनमें पर्याप्त भूख है, तो वे कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेंगे।'

भुवनेश्वर अभी संन्यास नहीं लेंगे

नई दिल्ली । मध्यम तेज गति के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का करियर अब समापत होने की ओर बढ़ रहा है। पिछले काफी समय में उन्हें भारतीय टीम में किसी भी प्रारुप में अवसर नहीं मिला है। भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 14 मैच में 17 विकेट हासिल किए फिर भी चयनकर्ताओं ने उनके नाम पर विचार तक नहीं किए। टीम इंडिया में वापसी को लेकर भूवी ने कहा, मैं अपनी गेंदबाजी का आनंद ले रहा हूं। मैंने अभी संन्यास के बार में सोचा नहीं है। जब तक मैं फिट रहूंगा, खेलना जारी रखूंगा। बाकी का काम चयनकर्ताओं का है। भुवनेश्वर कुमार अभी उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग 2025 में मेरठ मेवरिक्स के लिए लिए खेल रहे हैं। उन्होंने अब तक 8 मैच में 9 विकेट ले चुके हैं और वो भी सिर्फ 6.76 की इकॉनमी रेट से। टीम इंडिया में वापसी नहीं हो पाने को लेकर कुमार ने कहा, चयनकर्ता इस सवाल का जवाब देंगे। मेरा काम मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देना है। यूपी लीग के बाद अगर मुझे मुश्ताक अली, रणजी या यूपी के लिए एकदिवसीय प्रारुप में अवसर मिला तो मैं वहां भी अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। एक अनुशासित गेंदबाज के तौर पर मेरा ध्यान हमेशा फिटनेस बनाये रखने और लाइन-लेंथ के साथ ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रहता है।

उच्च यील्ड और नकदी की भरमार से कॉर्पोरेट्स का उधारी से किनारा

- बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के बावजूद कंपनियां पूंजीगत खर्च के लिए बैंक ऋण लेने से बच रही हैं

नई दिल्ली ।

भारतीय कंपनियां इन दिनों पूंजी जुटाने के पारंपरिक साधनों जैसे बैंक ऋण और कॉर्पोरेट बॉन्ड का कम इस्तेमाल कर रही हैं, भले ही बॉन्ड यील्ड में तेजी देखी जा रही हो। विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के पास पर्याप्त नकदी होने के चलते वे नई परियोजनाओं के लिए उधारी लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं। जुलाई-अगस्त 2025 में कंपनियों ने केवल 1.19 लाख करोड़ रुपये की पूंजी घरेलू ऋण पूंजी बाजार से जुटाई, जबकि वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में यह आंकड़ा 3.42 लाख करोड़ रुपये था। जुलाई में बॉन्ड के जरिए 69,125 करोड़ और अगस्त में 50,152 करोड़ रुपये जुटाए गए। बॉन्ड बाजार में यील्ड में 20-25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जिससे निवेशकों का रुख सरकारी प्रतिभूतियों और राज्य विकास ऋण की ओर बढ़ गया है। इस बदलाव के चलते कॉर्पोरेट बॉन्ड की मांग कमजोर हुई है। जुलाई की शुरुआत में 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड की यील्ड 6.3 फीसदी थी, जो अगस्त के अंत तक 6.6 फीसदी पर पहुंच गई। बैंक ऋण की मांग भी सुस्त रही है।

आरबीआई के अनुसार, 25 जुलाई को समाप्त पखवाड़े में ऋण वृद्धि दर सालाना 6 फीसदी रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 10.2 फीसदी थी। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि यील्ड में अस्थिरता और उचित मूल्य का आकलन मुश्किल होने के कारण कॉर्पोरेट उधारी में अनिश्चितता बनी हुई है। जब तक यील्ड स्थिर नहीं होती या कंपनियों की कैपेक्स योजना आगे नहीं बढ़ती, ऋण बाजार में रफ्तार की उम्मीद कम है।

मोटर वाहन उद्योग ने जीएसटी दरों में कटौती को बताया समयानुकूल फैसला

उद्योग संगठनों ने सरकार के कदम को साहसिक सुधार बताया

मुंबई ।

सरकार द्वारा मोटर वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के फैसले का मोटर वाहन उद्योग ने जोरदार स्वागत किया है। उद्योग का मानना है कि यह निर्णय समय पर लिया गया है और इससे वाहनों की मांग में वृद्धि होगी, जिससे पूरे सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी। सोसायटी ऑफ इंडिया ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा वाहनों पर जीएसटी को 18 फीसदी से 40 फीसदी के बीच निर्धारित करना उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही बिना बिके वाहनों पर क्षतिपूर्ति उपकर से संबंधित तंत्र को भी अधिसूचित करेगी, जिससे इस बदलाव को सुचारू रूप से लागू किया जा सके। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक अे धिकारी ने इसे साहसिक और प्रगतिशील सुधार बताया और कहा कि यह कदम सामर्थ्य बढ़ाएगा व परिवहन क्षेत्र को समावेशी बनाएगा।

वहीं ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अे धिकारी ने सभी ऑटो पार्ट्स पर 18 फीसदी की एक समान जीएसटी दर तय करने को ऐतिहासिक कदम बताया। टीवीएस मोटर कंपनी ने इसे समाज के सभी वर्गों के लिए खपत बढ़ाने वाला निर्णय बताया। उद्योग को उम्मीद है कि इस सुधार से न केवल बिक्री में वृद्धि होगी, बल्कि उत्पादन, निवेश और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क का असर कम करने सरकार सक्रिय

पीयूष गोयल की उद्योग प्रतिनिधियों संग बैठक, गुणवत्ता सुधार और वैकल्पिक बाजारों की तलाश पर जोर

नई दिल्ली।

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 50 फीसदी तक के शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक कर इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में गोयल ने उद्योग को भरोसा दिलाया कि सरकार कारोबारी सुगमता, लक्षित व्यापार समर्थन और समय पर नीतिगत हस्तक्षेप के जरिये मौजूदा चुनौतियों का समाधान निकालने में जुटी है। उन्होंने निर्यातकों से आग्रह किया कि वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारें, वैश्विक मानकों के अनुरूप ढलें और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाकर वैकल्पिक बाजारों की तलाश करें। वाणिज्य विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की जरूरत पर व्यापक सहमति बनी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्यात वृद्धि को रफ्तार देने और विभिन्न क्षेत्रों की चिंताओं को दूर करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर काम चल रहा है। उद्योग प्रतिनिधियों ने अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी शुल्क के चलते बढ़ती लागत और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आई कमी की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने मांग की कि सरकार शुल्क के अतिरिक्त बोझ को साझा करे और प्रस्तावित निर्यात संवर्धन मिशन को जल्द लागू किया जाए। सरकार ने आश्वस्त किया कि निर्यातकों को उपयुक्त माहौल देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इंडिया पोस्ट ने अमेरिका के लिए डाक सेवाएं निलंबित कीं

नई दिल्ली ।

अमेरिका ने 800 डॉलर तक के सामान पर लागू शुल्क-मुक्त डी-मिनिमिस छूट को खत्म कर दिया है। इससे अब अमेरिका में छोटे मूल्य के आयात पर भी शुल्क और कर लगना शुरू हो गया है। इस कदम के विरोध में इंडिया पोस्ट ने अमेरिका के लिए अपनी सभी डाक सेवाएं निलंबित कर दी हैं।

2023 में इंडिया पोस्ट ने अमेरिका को 1.3 करोड़ पत्र भेजे थे, जो 2018 की तुलना में 80 फीसदी कम हैं। हालांकि, पार्सल भेजने में वृद्धि हुई है, जो 5.3 लाख पर पहुंच गया है। कोविड-19 के दौरान अमेरिका में डी-मिनिमिस आयात बढ़कर 67 अरब डॉलर हो गया था। वित्त वर्ष 2025 के नौ महीनों में यह लगभग 50 अरब डॉलर तक पहुंच गया। चीन की हिस्सेदारी घटकर 57.9 फीसदी रह गई है, जबकि कनाडा और ब्रिटेन की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इस फैसले से भारत से अमेरिका जाने वाली डाक सेवाओं और ई-कॉमर्स व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है। इंडिया पोस्ट को नई रणनीतियां बनानी होंगी या अन्य बाजारों की ओर रुख करना होगा।

आमजन को बड़ी राहतः जीवन रक्षक दवाओं और उपकरणों पर जीएसटी शून्य

- 33 जीवन रक्षक दवाएं टैक्स फ्री, 22 सितंबर से लागू होगा नया जीएसटी ढांचा

नई दिल्ली ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार शाम एक अहम घोषणा करते हुए गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) ढांचे में बड़ा बदलाव किया। इसका सबसे बड़ा असर स्वास्थ्य क्षेत्र और आम आदमी पर पड़ेगा। सरकार ने 33 जीवन रक्षक दवाओं पर लगने वाला 12 फीसदी जीएसटी पूरी तरह से खत्म कर दिया है। यानी अब ये दवाएं टैक्स फ्री होंगी। साथ ही कैंसर, रेयर बीमारियों और अन्य गंभीर क्रॉनिक बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन प्रमुख दवाओं पर भी 5 फीसदी जीएसटी को घटाकर शून्य कर दिया गया है। इसके अलावा सभी सामान्य दवाओं और मेडिसिन्स पर जीएसटी को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। इसमें ऑर्गेनो-थेरेप्यूटिक इस्तेमाल के लिए ग्लैंड्स और अन्य ऑर्गन्स, ग्लैंड्स या ऑर्गन्स के एक्सट्रैक्ट्स या उनके स्राव; हेपरिन और इसके साल्ट्स; मानव या पशु पदार्थ जो थेरेप्यूटिक या प्रोफिलैक्टिक उपयोग के लिए तैयार किए गए हों। इस फैसले से आम मरीजों को राहत मिलेगी और इलाज की लागत में कमी आएगी। सरकार ने टैक्स सिस्टम को सरल बनाते हुए नए जीएसटी ढांचे में अब सिर्फ दो स्लैब रखे हैं- 5 फीसदी और 18 फीसदी। वहीं सुपर लग्जरी और सिन गुड्स (जैसे शराब, तंबाकू आदि) पर 40 फीसदी का विशेष स्लैब लागू किया जाएगा। यह नया ढांचा 22 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा। मेडिकल, सर्जिकल, डेंटल और वेटरनरी उपकरणों पर भी जीएसटी 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। इसमें डायग्नॉस्टिक किट्स, ब्लड ग्लूकोज मॉनिटर, बैंडेज और गॉज जैसे जरूरी उपकरण शामिल हैं।

रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपय करीब 11 पैसे की गिरावट के साथ 88.13 पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और अमेरिकी डॉलर में मजबूती के बीच रुपया अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में एक पैसे टूटकर 88.03 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से बाजार धारणा में सुधार हुआ और वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट ने स्थानीय मुद्रा में गिरावट को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.09 पर कमजोर रुख के साथ खुला। फिर इसमें तेजी आई और 87.85 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि फिर से फिसलकर 88.03 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.02 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.21 पर आ गया।

आईईएक्स का अगस्त बिजली कारोबार 18.9 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली । इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का अगस्त 2025 में बिजली कारोबार सालाना आधार पर 18.9 बढ़कर 1180.3 करोड़ यूनिट हो गया। बढ़ती मांग के बावजूद एक्सचेंज पर बिजली की कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में कम रहीं, जिसका कारण आपूर्ति पक्ष की बेहतर नगदी रही। अगस्त में डे-अहेड मार्केट में बिजली का औसत मूल्य 4.00 रुपए प्रति यूनिट रहा, जो पिछले वर्ष से 7 फीसदी कम है। इस खंड में कुल 479.7 करोड़ यूनिट का कारोबार हुआ, जो जुलाई 2024 की तुलना में 3 फीसदी अधिक है और कुल कारोबार में इसका हिस्सा 34 फीसदी रहा। वहीं रियल टाइम मार्केट में कारोबार 44 फीसदी बढ़कर 502.9 करोड़ यूनिट हो गया। इसमें कीमत 3.38 रुपए प्रति यूनिट रही, जो सालाना 6 फीसदी की गिरावट दर्शाता है।

दिवाली पर हवाई किराया 50 फीसदी तक बढ़ा, उड़ानें कम हुईं

मुंबई । इस साल दीवाली सप्ताह (19 से 25 अक्टूबर) में हवाई किराया पिछले साल की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गया है। मुंबई-पटना मार्ग का औसत इकॉनमी क्लास किराया 14,540 रुपए रहा, जबकि पिछले साल 9,584 रुपए था। बेंगलूरु-लखनऊ मार्ग पर किराया 9,899 से बढ़कर 6,720 रुपए हो गया है। रुपये की कमजोरी और विमानों की कमी इसके मुख्य कारण बताए जा रहे हैं। त्योहारों के कारण यात्रियों की संख्या बढ़ी है, जिससे अग्रिम बुकिंग भी तेज़ हो गई है। प्रमुख महानगरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु और चेन्नई में टिकट बुकिंग में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। इस साल अक्टूबर में घरेलू उड़ानों की संख्या प्रति सप्ताह 22,709 है, जो पिछले साल के 23,437 से 3.1 प्रतिशत कम है। एयर इंडिया का विमान रेट्रोफिटिंग कार्यक्रम उसकी उड़ान सेवा को प्रभावित कर रहा है। इंडिगो की उड़ान संख्या में मात्र 1.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है।

भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें अक्टूबर तक शुरू, पर्यटन क्षेत्र में बढ़ेगी रौनक



नई दिल्ली । भारत और चीन के बीच रिश्तों में सुधार के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें अक्टूबर तक शुरू होने की उम्मीद है। इससे दोनों देशों के पर्यटन क्षेत्र को बड़ा फायदा मिलने वाला है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने बताया कि अगर वीजा सुविधाओं और प्रचार अभियान को बेहतर तरीके से संभाला गया तो अगले 12 से 18 महीनों में चीन से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में 20 से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि संभव है। कोविड-19 महामारी के बाद बंद हुए हवाई रास्ते खुलने से यात्रा तेज, सुविधाजनक और किफायती होगी। एयर इंडिया, चाइना ईस्टर्न, चाइना सदर्न, एयर चाइना और चाइना एयरलाइंस जैसी प्रमुख एयरलाइनों ने उड़ान बहाली की घोषणा के बाद तुरंत सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर ली है। आईएटीओ के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि टूर ऑपरेटर और यात्रा एग्रीगेटर आकर्षक यात्रा पैकेज तैयार कर रहे हैं और डिजिटल बुकिंग सिस्टम में सुधार कर रहे हैं। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के अनुसार चीन से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ने से भारत की पर्यटन उद्योग को कोविड-19 से पहले के स्तर को पार करने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया है।

रिलायंस जियो की 9वीं वर्षगांठ पर फ्री असीमित डेटा और खास ऑफर

मुंबई । रिलायंस जियो ने अपनी 9वीं वर्षगांठ के मौके पर ग्राहकों के लिए बड़ा उपहार दिया है। कंपनी ने घोषणा की है कि 349 रुपये या उससे अधिक मूल्य वाले प्लान के ग्राहकों को 5 सितंबर से 5 अक्टूबर तक एक महीने के लिए फ्री असीमित डेटा मिलेगा। यह ऑफर मौजूदा प्लान के आधार पर अलग-अलग अवधि के लिए उपलब्ध होगा। साथ ही, इस ऑफर में मनोरंजन और अन्य ऐप की सब्सक्रिप्शन भी शामिल हैं। वर्तमान में जियो 5जी स्मार्टफोन वाले ग्राहकों को 349 रुपये या उससे अधिक वाले प्लान में अनलिमिटेड 5जी डेटा देती है। जियो ने उन ग्राहकों के लिए भी खुशखबरी दी है जिन्होंने लगातार 12 महीने तक 349 रुपये के प्लान का रिचार्ज किया है। ऐसे ग्राहकों को 13वें महीने की सेवा बिल्कुल मुफ्त मिलेगी। इस पहल से जियो अपने ग्राहकों को लंबे समय तक जोड़ने की कोशिश कर रही है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो को 50 करोड़ से अधिक भारतीयों का भरोसा मिला है, जो इस कंपनी की ताकत का परिचायक है। उन्होंने सभी जियो उपयोगकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह मील का पत्थर कंपनी के लिए गर्व का विषय है। इसके साथ ही, जियो फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) ने प्रवर्तक समूह की कंपनियों से 3,956 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। सिक्का पोर्ट्स और जामनगर यूटिलिटीज को कुल 50 करोड़ वारंट आवंटित किए गए हैं। यह पूंजी जेएफएसएल के विस्तार में मदद करेगी।

शेयर बाजार बढ़त पर बंद

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के चौथे ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही जीएसटी पर आये फैसले के बाद बाजार ऊपर आया पर आईटी और पीएसयू बैंक शेयरों में बिकवाली से पड़े दबाव से फिर नीचे आने लगा। अंत में 30 शेयरो वाला बीएसई सेंसेक्स केवल 150 अंक की बढ़त लेकर 80,718.01 पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी अंत में 19.25 अंक या 0.08 फीसदी उछलकर 24,734.30 पर बंद हुआ।

आज महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित वाहन ऑटो स्टॉक्स में तेजी से बाजार को बढ़त मिली। जीएसटी काउंसिल ने दो स्लैब वाले नए स्ट्रक्चर को मंजूरी दी है। इससे बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में इस फैसले का अच्छा प्रभाव देखा गया। आज सुबह सेंसेक्स तेजी के साथ 81,456.67 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 700 अंक तक उछल गया था। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त के साथ 24,980.75 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 24,980.75 अंक के इंट्रा-डे हाई तक गया। निफ्टी ने दिन की शुरुआत मजबूत बढ़त के साथ की। इसमें वाहन और कंज्यूमर स्टेपल्स सेक्टर की तेजी ने अहम भूमिका निभाई। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली और दिग्गज शेयरों में कमजोरी के कारण इंडेक्स नीचे आ गया।

एसटी 2.0 सुधारों से खपत-आधारित रिकवरी की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसमें ऑटो और कंज्यूमर स्टेपल्स को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है। । हालांकि वैश्विक मैक्रो अनिश्चितताओं, लगातार हो रही विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिकी टैरिफ के दबाव के कारण बाजार पर विपरीत प्रभाव बना रहा है।आज कारोबार के दौरान बीएसई की कंपनियों में महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे। जबकि मारुति सुजुकी, बीईएल और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर गिरे।

इसी तरह प्रकार पर भी महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयर उछले। जबकि एचडीएफसी लाइफ, टाटा कंज्यूमर और इंडसइंड बैंक के शेयर गिरे।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.67 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.71 फीसदी नीचे बंद हुआ। सेक्टोरल प्रदर्शन की बात करें तो निफ्टी ऑटो 0.85 फीसदी की बढ़त के साथ सबसे मजबूत सेक्टर रहा, इसके बाद एफएमसीजी ने 0.24 फीसदी की हल्की बढ़त दर्ज की। गिरावट वाले सेक्टर्स में निफ्टी पीएसयू बैंक , आईटी और मीडिया क्षेत्र रहा।



वहीं एशियाई बाजारों में गुरुवार को तेजी देखी गई। यह तेजी वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में आई रैली के बाद देखने को मिली। उससे नैस्डैक कंपोजिट और एसएंडपी 500 में मजबूती आई। हालांकि आर्थिक चिंताओं के चलते निवेशकों की धारणा पर दबाव बना रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.57 फीसदी ऊपर ट्रेड कर रहा था। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.67 फीसदी बढ़ा चढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.16 फीसदी बढ़ा, जबकि चीन का सीएसआई 300 लगभग स्थिर रहा।

भारत बनेगा वैश्विक स्टील मांग का नया केंद्र, चीन की पकड़ होगी ढीली

- 2050 तक चीन की हिस्सेदारी घटकर 31 फीसदी होने की उम्मीद

मुंबई ।

आगामी दशकों में भारत वैश्विक स्टील की मांग का प्रमुख केंद्र बनकर उभरने जा रहा है, जबकि चीन की पकड़ इस क्षेत्र में कमजोर होती दिखाई दे रही है। वर्ष 2024 में चीन की वैश्विक स्टील खपत में हिस्सेदारी 49 फीसदी थी, जो 2050 तक घटकर 31 फीसदी हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत भारत की हिस्सेदारी वर्तमान 8 फीसदी से बढ़कर सदी के मध्य तक 21 फीसदी तक पहुंच सकती है। एक शोध संस्था के अनुसार चीन में स्टील की मांग में गिरावट का मुख्य कारण वहां की अर्थव्यवस्था का पारंपरिक बुनियादी ढांचे-आधारित विकास मॉडल से हटना है। चीन में स्टील की प्रमुख मांग रियल एस्टेट क्षेत्र से आती थी, जो अब लगातार कमजोर हो रहा है। साथ ही, चीन में अधिशेष उत्पादन भी बढ़ने की आशंका है। 2050 तक यह अधिशेष 50 टन तक पहुंच सकता है, और दीर्घकाल में यह 350 टन से भी अधिक हो सकता है। शांदोंग और जियांग्सू जैसे प्रमुख प्रांतों ने उत्पादन में कटौती शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर, भारत का परिदृश्य मजबूत बना हुआ है। वर्ष 2024 में देश में स्टील की मांग में 8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई और 2025 में इसमें 7 फीसदी से अधिक की वृद्धि की संभावना है। दीर्घावधि में यह वृद्धि 4-5 फीसदी सालाना रहने की उम्मीद है। इस वृद्धि के पीछे सरकार की यातायात गलियारे, नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी विकास जैसी परियोजनाओं में निवेश और वाहन व मशीनरी क्षेत्रों में बढ़ती मांग जिम्मेदार है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में भारत वैश्विक स्टील उद्योग में नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकता है।

मदर डेयरी उपभोक्ताओं तक पहुंचाएगी जीएसटी कटौती का लाभ

नई दिल्ली ।

मदर डेयरी ने गुरुवार को घोषणा की कि वह केंद्र सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादों पर की गई जीएसटी कटौती का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को देगी। यह निर्णय पनीर, चीज़, घी, मक्खन, यूएचटी दूध, दूध आधारित पेय और आइसक्रीम जैसे उत्पादों पर लागू होगा। मदर डेयरी के एक प्रमुख अे धिकारी ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों की पहुंच उपभोक्ताओं तक बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि पैकेज्ड श्रेणी की मांग तेजी से बढ़ रही है और इस सुधार से उसमें और इज़ाफा होगा। कंपनी ने यह भी आश्वासन दिया कि वह इस कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि किसानों को भी अधिक अवसर मिलेंगे।

जूनियर एनटीआर की सोलो स्पाई फिल्म एजेंट विक्रम अब हुई बंद

यशराज फिल्म्स की सबसे फिल्मों में से एक वॉर 2 बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही। कमजोर कंटेंट के चलते न केवल दर्शकों और समीक्षकों ने फिल्म को नकारात्मक प्रतिक्रिया दी बल्कि थिएटर में भी यह फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। इस नाकामी से यशराज स्टूडियो को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है, जिसका सीधा असर बैनर की स्पाई यूनिवर्स की आगे की फिल्मों पर पड़ा। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब स्टूडियो के प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने जूनियर एनटीआर के किरदार एजेंट विक्रम पर बेस्ड स्टैंडअलोन फिल्म को बंद करने का फैसला ले लिया। सूत्रों के मुताबिक... यशराज का इरादा जूनियर एनटीआर की पैन इंडिया लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए उनके किरदार पर एक सोलो फिल्म बनाने का था और क्रिएटिव टीम इस पर काम भी शुरू कर चुकी थी। लेकिन वॉर 2 की असफलता के कारण इस फिल्म को शुरू होने से पहले ही बंद करना पड़ा।

डायरेक्टर निखिल नागेश करेंगे हॉलीवुड डेब्यू

निर्देशक निखिल नागेश भट्ट ही में अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्म किल से दर्शकों का खूब दिल जीता। यह फिल्म कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में दिखाई गई और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। खासकर इसके नए तरह के एक्शन को दर्शकों ने काफी पसंद किया। अब निखिल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी अगली फिल्म के जरिए सीधे हॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार... वह काफी समय से यूनिवर्सल स्टूडियोज के अधिकारियों से मुलाकात कर रहे थे और अब बातचीत आगे बढ़ चुकी है। यह एक हाई-ऑक्टेन ग्लोबल एक्शन फिल्म होगी, जिसे बड़े पैमाने और हाई बजट में बनाया जाएगा।

कांतारा चैप्टर 1 के बाद टॉक्सिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में भी रुक्मिणी वसंत की एंट्री

कन्नड़ सिनेमा की बेहद हसीन एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत के सितारे इन दिनों 9वें आसमान पर हैं। 28 साल की इस हसीना ने छह साल पहले 2019 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। अब ऐसा लग रहा है कि वह साउथ सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनने की तैयारी में हैं।

पिछले दिनों ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 में उनकी एंट्री ने सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं अब प्रोड्यूसर एनवी प्रसाद ने खुलासा किया है कि रुक्मिणी यश स्टारर टॉक्सिक और प्रशांत नील-जूनियर एनटीआर की फिल्म ड्रैगन में भी लीड रोल में नजर आएंगी। खास बात यह है कि रुक्मिणी इन दिनों एआर मुरुगदॉस के साथ अपनी फिल्म मधरासी के प्रमोशन में भी जुटी हुई हैं।

एनवी प्रसाद ने यह घोषणा शिवकार्तिकेयन और रुक्मिणी स्टारर तमिल फिल्म मधरासी के प्रमोशन इवेंट में की है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस को प्रशांत नील के डायरेक्शन में बन रही जूनियर एनटीआर स्टारर एक्शन ड्रामा ड्रैगन और गीतू मोहनदास निर्देशित टॉक्सिक- अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स में भी कास्ट किया गया है।

इस साल मधरासी के बाद कांतारा चैप्टर 1 अगले साल भी रुक्मिणी की दो फिल्में

रुक्मिणी वसंत का नाम पिछले कुछ समय से एनटीआर-नील प्रोजेक्ट को लेकर लगातार चर्चा में था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर तमाम तरह की रिपोर्ट आ रही थी। हालांकि, निर्माताओं ने इससे पहले कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। यकीनन अगला साल 2026 रुक्मिणी वसंत के लिए बेहद खास होने वाला है।

रुक्मिणी वसंत की फिल्में

रुक्मिणी वसंत ने इसके अलावा बनादारियाल्ली, बघीरा और भैरथी रानागल जैसी बड़े बैनर वाली कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो और ऐस जैसी फिल्मों से तेलुगू और तमिल इंडस्ट्री में भी कदम रखा। अब उनकी शिवकार्तिकेयन स्टारर मधरासी इसी शुक्रवार, 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

कौन हैं रुक्मिणी वसंत

साल 2019 में अपने करियर की शुरुआत करने वाली रुक्मिणी वसंत 10 दिसंबर 1996 को बेंगलुरु में पैदा हुई हैं। उनकी डेब्यू फिल्म बिरबल थी, जिसमें वह एमजी श्रीनिवास के साथ नजर आईं। साल 2023 में हेमंत एम राव के डायरेक्शन में बनी सप्त सागरदाचे एलो से रुक्मिणी को पॉपुलैरिटी मिली। इसमें उनके साथ रक्षित शेट्टी थे।

डर को भी डराने आ रही मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की फिल्म

30 साल बाद फिर करेंगे धमाका!

मुंबई का किंग कौन... साल 1998 में मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी ने सत्या के साथ इतिहास रचने का काम किया था। इसके बाद एक्टर-डायरेक्टर की इस जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को शूल, रोड, कौन? जैसी बेहतरीन फिल्में दीं। अब करीब तीन दशक बाद दोनों फिर साथ आ रहे हैं। जी हां, राम गोपाल वर्मा और मनोज बाजपेयी ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। शूटिंग शुरू हो चुकी है।

इस बार यह जोड़ी डराने के साथ ही हंसाने भी आ रही है। फिल्म हॉरर-कॉमेडी है और नाम पुलिस स्टेशन में भूत है। राम गोपाल वर्मा और मनोज बाजपेयी ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर किया है। राम गोपाल वर्मा लीक से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में पुलिस स्टेशन में भूत अपने टाइटल के साथ ही एक दिलचस्प सिनेमाई अनुभव की उम्मीद जगाती है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ जिनिलिया डिसूजा की जोड़ी है। राम गोपाल वर्मा ने बताया है कि फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है।

यह बहुत खास है...

मनोज बाजपेयी ने फिल्म का फर्स्ट लुक मोशन पास्टर शेयर करते हुए लिखा है, शूटिंग शुरू। सत्या से अब तक... राम गोपाल वर्मा के साथ करीब 30 साल बाद दोबारा जुड़ना से रोमांच से भरा हुआ है। हमारी नई हॉरर-कॉमेडी पुलिस स्टेशन में भूत, यह बहुत खास है।

पुलिस स्टेशन में भूत का प्लॉट

फिल्म की कहानी में डर, विडंबना और राम गोपाल वर्मा की अपना अलग अंदाज है। फिल्म के पोस्ट पर लिखा है, आप मुर्दों को गिरफ्तार नहीं कर सकते। मेकर्स ने फिल्म के प्लॉट को लेकर कहा है, जब हम डरते हैं तो पुलिस स्टेशन भागते हैं, लेकिन जब पुलिस डरेगी तो वह कहां भागेगी?

यह डर के हमारे नजरिए की सीमाओं को तोड़ देगी

राम गोपाल वर्मा कहते हैं, सत्या के बाद मनोज के साथ फिर से काम करना पुरानी यादों और रोमांच दोनों को ताजा करता है। डर तब सबसे भयावह हो जाता है, जब वह सुरक्षा के सर्वोच्च अधिकार को चुनौती देता है। पुलिस स्टेशन शक्ति का ऐसा ही प्रतीक होता है। मनोज और जिनिलिया की की जोड़ी कहानी में डर को देखने के हमारे नजरिए की सीमाओं को तोड़ देगी।

पुलिस स्टेशन में भूत रिलीज डेट

हालांकि, अभी फिल्म की रिलीज को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन समझा जा रहा है कि तैयारी इसी साल के आखिर में या फिर अगले साल की शुरुआत में इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने की है।

शाहिद ने पूरी की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग

अहम किरदार में होंगी तृप्ति डिमरी

अभिनेता शाहिद कपूर के फैंस के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने विशाल भारद्वाज के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। हालांकि इस फिल्म का क्या नाम होगा, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। पोस्ट में उन्होंने बताया है कि इस फिल्म में कौन-कौन से कलाकार होंगे। शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर विशाल भारद्वाज के साथ एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर को कुछ समझाते हुए नजर आ रहे हैं। शाहिद कपूर ने इस तस्वीर के साथ एक नोट लिखा है। नोट में उन्होंने बताया है कि इस फिल्म के टाइटल का जल्द ही एलान किया जाएगा।

ये कलाकार होंगे फिल्म का हिस्सा

शाहिद कपूर ने पोस्ट में बताया है कि इसमें तृप्ति डिमरी अहम किरदार में होंगी। इसके अलावा दिशा पाटनी, नाना पाटेकर, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी भी फिल्म में नजर आएंगे। शाहिद कपूर ने पोस्ट में लिखा मैं यह बताते हुए बहुत उत्साहित हूं कि विशाल भारद्वाज के साथ मेरी चौथी फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई। नाम जल्द बताया जाएगा। हमेशा की तरह यह मेरे लिए एक नई दुनिया और एक बेहद अलग किरदार है। यह मेरे लिए बहुत खास है। शाहिद कपूर ने पोस्ट में लिखा तृप्ति डिमरी के साथ काम करके बहुत मजा आया। नाना पाटेकर ने जटिल सीन को आसान किया। फरीदा जलाल आपकी शालीनता के लिए शुक्रिया। अविनाश तिवारी आपकी प्लेलिस्ट के लिए शुक्रिया। दिशा पाटनी आपने और मैंने दोनों गानों में कमाल कर दिया।

रेंजर में फॉरेस्ट ऑफिसर हैं अजय, संजय बने शिकारी

अजय देवगन और उनकी फिल्मों की शूटिंग्स पर मुंबई की बारिश का असर नहीं पड़ रहा है। वह लगातार अपनी कई फिल्मों को पूरी करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उनकी फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग पूरी हुई है, जबकि वह रेंजर और धमाल 4 जैसी बड़ी फिल्मों को भी पूरा करने में लगे हुए हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रेंजर कुछ-कुछ इंडियाना जोन्स के जोन में है। उसमें संजय दत्त भी हैं। वह सुपरपावर वाले शिकारी के रोल में हैं। अजय यहीं पर नहीं थम रहे। वह कन्नड़ हॉरर कॉमेडी की रीमेक भी प्लान कर रहे हैं। जंगल में अजय और संजय करते दिखेंगे एक्शन, सितंबर या अक्टूबर में फिर शुरू होगी शूटिंग

अजय और संजय स्टारर रेंजर की शूटिंग हाल ही में श्रीलंका में हुई थी। हालांकि, फिलहाल इसकी शूटिंग रुकी हुई है लेकिन उम्मीद है कि सितंबर या अक्टूबर में यह फिर से शुरू होगी। इस फिल्म में संजय एक स्टाइलिश शिकारी की भूमिका में हैं, जो अपनी खास तकनीकों से जानवरों को नियंत्रित करता है। यह फिल्म किसी सुपरनैचुरल कहानी पर आधारित नहीं है, बल्कि जानवरों की तस्करी और उनके रखवालों की चुनौतियों की एक वास्तविक और रोचक कहानी है। फिल्म में अजय एक साहसी फॉरेस्ट रेंजर के किरदार में नजर आएंगे जो जंगल में जानवरों की रक्षा के लिए लड़ते दिखेंगे।

साउथ के निर्देशक जेपी के साथ एक हॉरर कॉमेडी फिल्म भी करेंगे अजय

अजय का काम धमाल 4 और रेंजर के साथ खत्म नहीं हो रहा है। इसके बाद, वह अपनी दो सबसे सफल फ्रेंचाइज गोलमाल 5 और दृश्यम 3 पर काम शुरू करेंगे। गोलमाल 5 की शूटिंग दिसंबर से शुरू होने की उम्मीद है, जबकि दृश्यम 3 की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है और इसकी शूटिंग अक्टूबर में शुरू हो सकती है। इनके अलावा, अजय एक नए प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा में हैं। खबरों के मुताबिक, वह कन्नड़ फिल्म सु फ्रॉम सो के निर्देशक जेपी तुमिनाड के साथ एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं। इसका निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस करेगा। यह अजय के लिए एक नया जॉनर होगा।

दे दे प्यार... 2 की शूटिंग लंदन में पूरी, माधवन भी आएंगे नजर

अजय ने अपनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग भी पूरी कर ली है। इस महीने की शुरुआत में ही वह लंदन से वापस लौटे हैं, जहां फिल्म के कई अहम सीन फिल्माए गए। इस सीक्वल में आर माधवन भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे, जो रकुल प्रीत सिंह के पिता की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी जहां पहले भाग का अंत हुआ था, जिससे दर्शकों को एक नई और दिलचस्प कहानी देखने को मिलेगी। माधवन के साथ अजय लगातार फिल्में कर रहे हैं। शैतान में दोनों का फेस ऑफ दिखा था। काजोल की मां के प्रमोशन में भी माधवन खास तमिलनाडु से मुंबई प्रमोशन और फ्रेंडशिप के लिए आए थे।



धमाल 4 के क्लाइमैक्स की शूटिंग भी है अभी बाकी

अजय की इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित धमाल 4 की शूटिंग अभी पूरी नहीं हुई है। क्लाइमैक्स की शूटिंग बाकी है। मुंबई में हो रही बारिश के बावजूद फिल्म की शूटिंग जारी है। फिलहाल, फिल्म का कुछ काम बाकी है, जिसमें मड आइलैंड और अंधेरी के एक स्टूडियो में कुछ दिनों की शूटिंग शामिल है। गुरुवार को अजय मुंबई के मड आइलैंड पहुंचे। फिल्म में अजय के साथ एक पुरानी एक्ट्रेस को भी कास्ट किया गया है, जो दो बच्चों की मां का किरदार निभाएंगी। फिलहाल उनका नाम सामने नहीं आया है। इसके अलावा, रितेश देशमुख का भी कुछ दिनों का शूट बाकी है। जैसे ही यह काम पूरा होगा, फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in